

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 22 जुलाई 2026 ■ आषाढ़, शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष -42 ■ अंक-115 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 23 जुलाई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## कैबिनेट का फैसला: अग्निवीरों को पुलिस, वन और जेल विभाग की भर्ती में 10% आरक्षण



**रायपुर,22 जुलाई।** मंत्रिपरिषद् की बैठक में प्रदेश के किसानों को खरीफ एवं रबी मौसम में उर्वरकों की समयबद्ध एवं सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उर्वरक आपूर्ति, वितरण एवं प्रबंधन से संबंधित विषयों पर सुझाव, अनुशंसा एवं मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु मंत्री-मंडलीय उप समिति के गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है।

इस उप समिति में उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग को अध्यक्ष तथा कैबिनेट मंत्री, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग, कैबिनेट मंत्री, सहकारिता विभाग एवं कैबिनेट मंत्री, वित्त विभाग को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। कृषि उत्पादन आयुक्त उप समिति के संयोजक होंगे। उप समिति आवश्यकतानुसार संबंधित विभागों के अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर सकेगी तथा उर्वरकों की उपलब्धता एवं आपूर्ति से संबंधित विषयों पर राज्य शासन को सुझाव देगी। मंत्रिपरिषद् की बैठक में अग्निवीर सैनिकों के पुनर्वास एवं सम्मानजनक रोजगार सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद् ने राज्य की तृतीय श्रेणी के पदों - पुलिस विभाग में आरक्षक, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वनरक्षक तथा जेल विभाग में प्रहरी की सीधी भर्ती में अग्निवीर सैनिकों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने हेतु छत्तीसगढ़ के अग्निवीर सैनिकों के लिए राज्य की सिविल सेवाओं में तृतीय श्रेणी के पदों में रिक्तियों का आरक्षण नियम-2026 बनाए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। यह निर्णय मुख्यमंत्री जी द्वारा 26 जुलाई 2024 को विधानसभा में की गई घोषणा के अनुपालन में लिया गया है। इस आरक्षण का लाभ उन अग्निवीर सैनिकों को मिलेगा, जिन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों में चार वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद वैध सेवा प्रमाण-पत्र के साथ सेवामुक्ति प्राप्त की हो। इस निर्णय से अग्निवीर सैनिकों को राज्य की सेवाओं में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे तथा उनके अनुभव और अनुशासन का लाभ पुलिस, वन एवं जेल प्रशासन को मिलेगा।

### सोनम वांगचुक से मिले जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह

#### संसद में शिक्षा सुधार पर चर्चा का दिया भरोसा

**नई दिल्ली,22 जुलाई।** नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की मांग को लेकर जारी आंदोलन के बीच केंद्र सरकार की ओर से महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली है। 19 दिनों से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर रहे सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद सोनम वांगचुक से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में मुलाकात की। दोनों केंद्रीय मंत्रियों ने वांगचुक के स्वास्थ्य की जानकारी ली, डॉक्टरों से उपचार की स्थिति पर चर्चा की और उनसे स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए अनशन समाप्त करने का आग्रह किया। इस मुलाकात को सरकार और आंदोलनकारियों के बीच संभावित संवाद की शुरुआत माना जा रहा है।

मेदांता अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार लंबे समय तक भोजन न लेने के कारण सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य पर असर पड़ा है। इसी को देखते हुए केंद्रीय मंत्रियों ने उनसे जल्द अनशन समाप्त करने का अनुरोध किया और भरोसा दिलाया कि छात्रों से जुड़े मुद्दों पर सरकार गंभीरता से विचार करेगी।

### स्कूल बस की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**मोहला-मानपुर,22 जुलाई।** स्कूल बस की चपेट में आने से दो साल की मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई. घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने घोटिया-भर्रीटोला मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया है. सूचना पर दल के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी ग्रामीणों से चर्चा कर रहे हैं. घटना मानपुर ब्लॉक के खडगांव थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोटिया की है, जहां बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए फ्लॉवर वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल की बस पहुंची थी.

बस की चपेट में आने से दो साल की युवानसी नरेटी की मौत हो गई. घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया. वहीं घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोहला भेजा है.

वहीं घटना से आक्रोशित सड़क पर चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों को पुलिस अधिकारी समझाने की कोशिश कर रहे हैं.

### अस्पताल पहुंचे राहुल प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और संगठन महासचिवकेसी वेणुगोपाल ने कल युवाओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस की बर्बरता और लाठीचार्ज में घायल हुए छात्रों से मुलाकात की।

## दिल्ली हिंसा: साजिश के मिले पुख्ता सबूत



**नई दिल्ली,22 जुलाई।** 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा आयोजित संसद मार्च के दौरान हुई कथित हिंसा, तोड़फोड़ और कानून-व्यवस्था से जुड़ी घटनाओं के मामले में दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने अब तक इस मामले में 6 एफआईआर दर्ज की हैं और पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसियां इस पूरे मामले के पीछे किसी बड़ी और आपराधिक साजिश की आशंका की भी पड़ताल कर रही हैं। इसके लिए घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, वीडियो रिकॉर्डिंग और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, ये एफआईआर पार्लियामेंट स्ट्रीट, कनॉट प्लेस और अन्य संबंधित थानों में दर्ज की गई हैं। मामलों में भारतीय न्याय संहिता , आर्म्स एक्ट और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान से बचाने वाले कानून की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि एक एफआईआर कनॉट प्लेस स्थित रीगल सिनेमा के पास हुई कथित हिंसा और पत्थरबाजी की घटना के संबंध में दर्ज की गई है। वहीं अन्य मामलों में गैर-कानूनी तरीके से एकत्र होने, संसद सत्र के दौरान बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने और हिंसा के पीछे कथित साजिश जैसे आरोपों की जांच की जा रही है। इसके अलावा मारपीट, कानून को अपने हाथ में लेने और अन्य संबंधित अपराधों के आरोपों में भी अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस का कहना है कि सभी मामलों की जांच उपलब्ध साक्ष्यों और तकनीकी प्रमाणों के आधार पर आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में दर्ज एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान से बचाव अधिनियम के प्रावधान भी लगाए गए हैं।

## राहुल गांधी समेत सभी विपक्षी सांसद काले कपड़े में संसद पहुंचे



**नई दिल्ली,22 जुलाई।** शिक्षा व्यवस्था और नीट पेपर लीक और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हटाने को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी का जंतर-मंतर से शुरू हुआ आंदोलन अब पूरे देश में फैल गया है। मंगलवार शाम राहुल गांधी-प्रियंका गांधी समेत कई कांग्रेस नेताओं ने पीएम आवास के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। वहीं आज कांग्रेस का प्रोटेस्ट पार्ट-2 शुरू हो गया है। नीट पेपर लीक और लाठी चार्ज के विरोध में सभी विपक्षी सांसद काले कपड़े में संसद पहुंचे हैं। राहुल और प्रियंका समेत कांग्रेस के नेता बुधवार को संसद में काले कपड़े पहनकर पहुंचे हैं। सभी संसद भवन के कैंपस में प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस नेताओं ने राजाजी मार्ग से लोक कल्याण मार्ग की ओर मार्च निकाला और परीक्षा पेपर लीक, छात्रों पर पुलिस कार्रवाई और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव समेत कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया और बाद में छत्रसाल स्टेडियम से रिहा कर दिया। विरोध प्रदर्शन से पहले राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खगड़े के कक्ष में विपक्षी दलों के फ्लोर लीडर्स की बैठक हुई। बैठक में संसद की रणनीति और मौजूदा राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की गई।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने छात्र आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि छात्रों की मांगें जायज हैं और उन्हें अपने अधिकार मांगने का हक है। उन्होंने पेपर लीक के मुद्दे पर सरकार को घेरा और कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन को अलोकतांत्रिक तरीके से नहीं रोका जाना चाहिए। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनके पास शिक्षा मंत्री बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि अब उनकी बात कौन सुनेगा? वेणुगोपाल ने दावा किया कि बड़ी संख्या में लोग उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि छात्रों और सांसदों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के विरोध में आज विपक्षी दलों के सभी सांसद काले कपड़े पहनकर ब्लैक डे मनाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष सरकार से छात्रों के साथ बातचीत करने और शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग करेगा। कांग्रेस के इस बड़े विरोध प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य युवाओं और छात्रों के भविष्य से जुड़े इस संवेदनशील मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना और कड़ा संदेश देना है।

## पीएम मोदी से मिले शरद पवार-सुप्रिया सुले

**नईदिल्ली,22 जुलाई।** नीट पेपर लीक और सीजेपी के प्रदर्शन में लाठी चार्ज पर दिल्ली में विरोध प्रदर्शनों के बीच केंद्र की राजनीति में



अलग खिचड़ी पक रही है। विरोध प्रदर्शनों के बीच एनसीपी चीफ शरद पवार और सुप्रिया सुले ने पीएम मोदी से मुलाकात की है। शरद पवार-सुप्रिया सुले आज पीएम मोदी से उनका आवास पर जाकर मुलाकात की। शरद पवार और पीएम मोदी की मुलाकात की तस्वीरें भी सामने आई है। मुलाकात में किस विषय पर बातचीत हुई, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। बता दें कि एक दिन पहले यानी 21 जुलाई की शाम शरद पवार और सुप्रिया सुले दिल्ली में जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी और आंदोलनकारी छात्रों के प्रदर्शन स्थल पहुंचे थे। दोनों ने सीजेपी की मांगों का समर्थन दिया था। वहीं एक दिन बाद दोनों पीएम मोदी से मुलाकात करने पहुंचे। यह मुलाकात कई मायनों में अहम मानी जा रही है। इसे लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है। पवार की मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय से चार तस्वीरें शेयर की गईं। इसमें लिखा गया- राज्यसभा सांसद शरद पवार और लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले जी ने आज संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. बता दें बीते कुछ दिनों से यह चर्चा है कि एनसीपी एसपी, एनडीए के साथ आ सकते हैं। इन सबके बीच यह मुलाकात कई मायनों में अहम मानी जा रही है। यह मुलाकात उन बयानों के बाद हुई जिसमें सुले ने परिसीमन बिल पर भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को सशर्त समर्थन दिया था। सुले ने कहा था कि अगर सरकार सभी राज्यों में समान 50 फीसदी सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव रखती है तो एनसीपी एसपी इसका समर्थन कर सकती है लेकिन इस पर वह इंडिया अलायंस के भीतर भी चर्चा करेंगी।

## अनंतनाग में बड़ा आतंकी हमला, जवान शहीद

**श्रीनगर,22 जुलाई।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग ज़िले में बुधवार को संदिग्ध आतंकवादियों की ओर से पुलिस पार्टी पर गोलीबारी किए जाने के बाद एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। यह गोलीबारी दोपहर करीब 12.30 बजे अनंतनाग शहर के लाल चौक पर हुई, जहाँ पुलिस की एक टीम ड्यूटी पर तैनात थी। मृत हेड कॉन्स्टेबल की पहचान बडगाम ज़िले के बीरवाह के रहने वाले आशिक हुसैन के तौर पर हुई। उन्हें तुरंत अनंतनाग के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहाँ बाद में चोटों के कारण उनकी मौत हो गई। हमले के बाद, सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी की और हमलावरों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया और ऑपरेशन जारी रहने के कारण इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनी हुई है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमरनाथ यात्रा के लिए पहले से ही सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं और सुरक्षा एजेंसियां हज़ारों तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे जम्मू-कश्मीर में कड़ी नज़र रख रही हैं।

## सीजेपी प्रोटेस्ट लाठी चार्ज मामले में तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

### CJI सूर्यकांत बोले- वीडियो देखने का समय नहीं



**नई दिल्ली,22 जुलाई।** कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने सीजेपी के संसद मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस लाठी चार्च मामले में तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत से वीडियो देखने और स्वतः संज्ञान लेने का अनुरोध किया था। हालांकि सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि अदालत के पास वीडियो देखने का समय नहीं है। कोर्ट का समय बर्बाद न करें और अपना समय भी बर्बाद न करें। यह मामला उस समय सामने आया जब वकील ने सुप्रीम कोर्ट में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हुई पुलिस कार्रवाई का जिक्र किया। वकील ने कोर्ट को बताया कि पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर सख्ती की और इसके कई वीडियो मौजूद हैं। उन्होंने कोर्ट से गुजारिश की कि जज साहब खुद वे वीडियो देखें और मामले में सुओ मोटो यानी खुद से संज्ञान लें। हालांकि भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने वकील की बात बीच में ही रोक दी। उन्होंने कहा कि कोर्ट को वीडियो देखने में कोई दिलचस्पी नहीं है क्योंकि उनके पास इतना समय नहीं है। सीजेआई ने वकील से सीधे शब्दों में कहा कि हमारे पास वीडियो देखने का समय नहीं है। इसके बाद उन्होंने यह भी जोड़ा कि वकील न तो कोर्ट का समय बर्बाद करें और न ही खुद अपना समय बर्बाद करें। वकील ने अपनी बात रखते हुए यह भी बताया कि प्रदर्शन कर रहे छात्र कुछ अहम मुद्दे उठा रहे हैं। इनमें नीट परीक्षा का सही तरीके से आयोजन कराना और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए में सुधार जैसे मुद्दे शामिल हैं। छात्रों की मांग है कि परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाया जाए ताकि भविष्य में गड़बड़ियां न हों। इसके बाद भी मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया।

## ईडी रेड के बाद करोड़ों के विदेशी ट्रांजेक्शन का हुआ खुलासा

रायपुर,22 जुलाई। राजधानी रायपुर में फर्जी कंपनी के जरिए करोड़ों रुपये विदेश भेजने के कथित खेल का मामला सामने आया है. विधानसभा थाना पुलिस ने युवक की शिकायत पर उसके मौसेरे भाई और अन्य आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और आपराधिक षड्यंत्र का मामला दर्ज किया है. आरोप है कि युवक को नौकरी का झांसा देकर कंपनी का डायरेक्टर बनाया गया और उसके नाम व फर्जी हस्ताक्षरों का इस्तेमाल कर कंपनी के बैंक खातों से करोड़ों रुपये विदेश भेजे गए.

मेट्रोग्रीन सोसायटी सड्डू निवासी संदीप सेठ ने शिकायत दर्ज कराई है कि वर्ष 2023 में बेरोजगार होने के दौरान उसके मौसेरे भाई रितेश गुप्ता और एक अन्य व्यक्ति ने उसे ठाणे (मुंबई) स्थित कांसलीवाल बिजनेस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में 50 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पर डायरेक्टर की नौकरी दिलाई. कंपनी के कामकाज की पूरी जानकारी कभी नहीं दी गई और अधिकांश दस्तावेज घर भेजकर हस्ताक्षर कराए जाते थे. शिकायत में बताया गया कि बाद में आरोपी रितेश गुप्ता ने कई दस्तावेजों पर फर्जी हस्ताक्षर भी किए. इसके बाद उसे मुंबई ले जाकर एसबीएम बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक और आरबीएल बैंक में कंपनी के खाते खुलवाए गए. इन खातों में उसे अधिकृत लेनदेनकर्ता तो बनाया गया, लेकिन उसकी जानकारी के बिना किसी अन्य मोबाइल नंबर को बैंक खातों से लिंक कर दिया गया, जिससे उसे खातों में होने वाले लेनदेन की जानकारी नहीं मिल सकी. एफआईआर के मुताबिक, 22 अप्रैल 2025 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकायतकर्ता के रायपुर स्थित घर पर छापा मारा. पूछताछ के दौरान उसे पहली बार पता चला कि जिस कंपनी में वह डायरेक्टर था, उसके बैंक खातों से करोड़ों रुपये विदेश भेजे गए हैं. शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसके नाम और पहचान का दुरुपयोग कर उसे पूरे मामले में फंसाने की साजिश रची गई.

शिकायत के आधार पर विधानसभा थाना पुलिस ने आरोपी रितेश गुप्ता और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 120-बी और 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है.

पुलिस अब ईडी से संबंधित दस्तावेज, बैंक खातों के रिकॉर्ड और ट्रांजेक्शन का ब्यौरा जुटा रही है. जांच में यह पता लगाया जाएगा कि कंपनी के माध्यम से विदेश भेजी गई राशि का स्रोत क्या था, पूरे नेटवर्क में कौन-कौन शामिल थे और शिकायतकर्ता की भूमिका वास्तविक थी या उसे फर्जी डायरेक्टर बनाकर इस्तेमाल किया गया. मामला सामने आने के बाद इसे बड़े वित्तीय फर्जीवाड़े और शेल कंपनियों के जरिए किए गए संदिग्ध विदेशी लेनदेन से जोड़कर देखा जा रहा है.



**नई दिल्ली,22जुलाई।** संसद चलो मार्च के दौरान मची अफरा-तफरी के बाद प्रदर्शनकारियों के बिखरे जूते-चप्पलों को एकत्रित करके सीजेपी ने कहा है कि यह 'बर्बरता की निशानी' है।

# मुख्यमंत्री साय के हाथों बालिकाओं को मिली साइकिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 22 जुलाई।** पाटन विकासखंड के ग्राम जामगांव (एम) में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं। जैसे ही छात्राओं ने मुख्यमंत्री के हाथों साइकिल प्राप्त की, उनके चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलकने लगा। योजना से लाभान्वित छात्राओं हर्षिका देवांगन, संध्या पटेल, मेनका सेन और विहारिका देवांगन ने बताया कि अब तक उन्हें विद्यालय आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। घर से स्कूल की दूरी अधिक होने के कारण प्रतिदिन पैदल चलना पड़ता था। विशेषकर बारिश के मौसम में रास्ते की परेशानी और भी बढ़ जाती थी। कई बार भीगकर स्कूल पहुंचना पड़ता था, जिससे उनकी कॉपी-किताबें भी खराब हो जाती थीं। छात्राओं ने बताया कि मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल मिलने से उनकी सबसे बड़ी चिंता दूर हो गई है। अब वे समय पर, सुरक्षित और बिना किसी परेशानी के विद्यालय पहुंच सकेंगी। इससे न केवल उनकी पढ़ाई नियमित होगी, बल्कि समय की भी बचत होगी और वे पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भी अधिक भाग ले सकेंगी। छात्राओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह साइकिल केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि उनके बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने का एक मजबूत माध्यम है।

## नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविरों में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण



**भिलाई, 22 जुलाई।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपनी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत दुर्ग जिले के करंजा एवं घुघुवा गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किए। दोनों शिविरों में कुल 43 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। करंजा शिविर में 23 ग्रामीणों तथा घुघुवा शिविर में 20 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविरों में बीएसपी सीएसआर के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिल धर बनर्जीए फर्मासिस्ट जान्हवी, नर्सिंग स्टाफ तृप्ति कुमारी एवं पंजीयन सहायक राकेश कुमार ने सेवाएं दीं। जिला अस्पताल की सीएचओ डॉ. डॉली साहू और डॉ.रूबी वर्मा का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## समाचार संक्षेप

### पाइप क्षतिग्रस्त होने से अन्य माध्यमों से की जा रही पेयजल आपूर्ति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल,22 जुलाई।** जामुल पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्र. 14 अटल आवास में ओवरहेड टैंक का पानी सप्लाई वाला मेन पाईप क्षतिग्रस्त होने के कारण पेयजल समस्या उत्पन्न हो गया था। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर तत्काल मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। वार्डवासियों को अन्य माध्यम से पेयजल आपूर्ति किया जा रहा है। निरीक्षण के समय वार्ड पार्षद रामदुलार साहू, उपअभियंता सचिन भागवत, जल कार्य प्रभारी दयालु राम जंघेल, वार्डवासी उपस्थित थे।

### गोष्ठी में ललित कला अकादमी रीजनल सेंटर की मांग तेज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में ललित कला अकादमी के रीजनल सेंटर की स्थापना की दिशा में राज्य सरकार द्वारा कार्रवाई शुरू किए जाने और रायपुर में जल्द होने वाली समिति की बैठक के बीच सिविक सेंटर स्थित कृष्ण.अर्जुन रथ परिसर में बौद्धिक परिचर्चा आयोजित हुई। इसमें कलाकारों और साहित्यकारों ने रीजनल सेंटर के लिए भिलाई को सबसे उपयुक्त स्थान बताते हुए सरकार की पहल का स्वागत किया।वरिष्ठ चित्रकार हरीसेन ने बीएसपी के कला संरक्षण में ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख करते हुए इसे फिर से सक्रिय करने की जरूरत बताई। बीण्एलण् सोनी ने भिलाई को रीजनल सेंटर के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थान बतायाए जबकि बृजेश तिवारी ने कहा कि इससे छत्तीसगढ़ की समकालीन कला को राष्ट्रीय पहचान मिलेगी। साहित्यकार मेनका वर्मा ने लोककला को सेंटर की गतिविधियों में शामिल करने पर जोर दिया। प्रवीण कालमेघ ने इसे आदर्श कला केंद्र बनाने की बात कही। समिति के चेयरमैन डॉण् अंकुश देवांगन ने वर्षों से इस मांग को उठाने वाले वरिष्ठ कलाकारों का अभिनंदन करते हुए सरकार की पहल को ऐतिहासिक बताया। इस अवसर पर प्रख्यात चित्रकार डीण्एसण् विद्यार्थीए मूर्तिकार मोहन बरालए मीना देवांगनए प्रोण् कपिल वर्मा और अमेरिका से कमलेश सक्सेना सहित अनेक कलाकारों ने भी भिलाई में रीजनल सेंटर स्थापित किए जाने की मांग का समर्थन किया।

### निवेश में लाभ का झांसा देकर लाखों की धोखाधड़ी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 जुलाई।** भिलाई रैम्बो इंटरनेशनल ट्रेडिंग कंपनी में निवेश के नाम पर 28 माह में निवेश की राशि चार गुना एवं प्रतिमाह 10 से 12 प्रतिशत ट्रेडिंग रिटर्न देने का झूठा प्रलोभन देकर 19 लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी करने वाली महिला को उतई थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है उतई टीआई मोहन भारद्वाज ने बताया कि प्रार्थी दीपक कुमार अहिरवार निवासी ग्राम जोरातराई ने थाना उतई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी तृप्ती साहू ने अपने परिचित के घर उतई में रैम्बो इंटरनेशनल ट्रेडिंग कंपनी में निवेश करने पर 28 माह में राशि चार गुना होने तथा प्रतिमाह 10 से 12 प्रतिशत ट्रेडिंग रिटर्न मिलने का झूठा आश्वासन देकर कुल 19 लाख रुपये निवेश कराए गए। निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी राशि वापस नहीं की गई तथा धोखाधड़ी कर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित किया। प्रकरण की जांच उपरांत धारा 420, 34 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान आरोपी के एसबीआई, यस बैंक, केनरा बैंक एवं एचडीएफसी बैंक शाखा भिलाई के बैंक खातों एवं ट्रांजेक्शन स्टेटमेंट का परीक्षण किया तो उसमें लाखों रुपए के संदिग्ध एवं अनाधिकृत लेन-देन पाए गए आरोपी तृप्ती साहू (33 साल ) निवासी ग्राम असोगा थाना रानीतराई को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने निवेशकों से प्राप्त राशि का स्वयं उपयोग करने तथा अन्य साथियों को आर्थिक लाभपहुंचाने की बात स्वीकार की है।




### बच्ची से मारपीट,पिता गिरफ्तार

**भिलाई, 22 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र के ( 10 साल ) बच्ची के साथ पिता द्वारा कथित रूप से यौन उत्पीड़न और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि पीड़ित बच्ची अपनी मां के नहीं होने के कारण पिता के साथ रहती थी आरोप है कि पिता लगातार उसके साथ मारपीट करता था और उसके साथ अश्लील हरकतें भी करता था। घटना की जानकारी मिलने पर मोहल्लेवासियों ने खुर्सीपार थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सीएचएल की धारा 8, 12 एवं 18, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम की धारा 75 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115 (2), 74 एवं 75 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया खुर्सीपार थाने पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है ।

## एक नजर

### फरार दो आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 22 जुलाई।** भिलाई दहेज प्रताड़ना से नवविवाहिता की आत्महत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को नंदिनी थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है प्रकरण के अन्य फरार आरोपियों की भी तलाश जारी है नंदिनी टीआई अनिल पटेल ने बताया कि 7 अप्रैल को थाना नंदिनी नगर क्षेत्रांतर्गत ग्राम सहगांव निवासी एक नवविवाहिता ने ससुराल पक्ष के सदस्यों द्वारा लगातार दहेज की मांग एवं प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर ली मामले की जांच उपरांत नंदिनी थाने में धारा 80(2), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया अपराध पंजीबद्ध होने की जानकारी मिलते ही आरोपी अपने निवास से फरार हो गए थे विवेचना के दौरान लगातार तलाश की जा रही थी इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी युवराज पटेल (29 साल ) निवासी ग्राम सहगांव एवं ओम प्रकाश पटेल (58 साल ) निवासी ग्राम सहगांव सिमगा क्षेत्र में लुक-छिपकर रह रहे हैं सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है प्रकरण के अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है ।

### सावन मेले के लिए सांस्कृतिक समिति की बैठक में बनी कार्ययोजना

**दुर्ग, 22 जुलाई।** नगर पालिक निगम, महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक पर्यटन, मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण समिति की प्रभारी हर्षिका संभव जैन की अध्यक्षता में आगामी भव्य सावन मेला की तैयारियों को लेकर समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन मेले को अधिक भव्य, आकर्षक एवं जनसहभागिता से परिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मेले के सफल आयोजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक, पारंपरिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। समिति ने निर्णय लिया कि सावन मेले के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन कर स्थानीय प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही कार्यक्रमों की तिथि, आयोजन स्थल, प्रतिभागियों के पंजीयन एवं व्यवस्थाओं को लेकर शीघ्र ही विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगीबैठक में पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं में फुगड़ी, रस्सीकूद, दौड़, रस्साकशी, कंची दौड़, मटका फोड़ एवं दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करने पर सहमति बनी।

# आयुक्त ने व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाने के लिए दिए निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 जुलाई।** आयुक्त सुश्री सुरुचि सिंह ने पर्यावरण संरक्षण एवं शहर को अधिक हरा-भरा और सुंदर बनाने के उद्देश्य से संबंधित विभागों तथा विभिन्न सामाजिक एवं औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने के साथ लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन पर विशेष जोर दिया गया। आयुक्त ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके पेड़ बनने तक नियमित देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके लिए सभी विभागों, सामाजिक संगठनों और औद्योगिक संस्थानों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। बैठक में वृक्षारोपण के लिए उपयुक्त स्थलों का चयन, पौधों की उपयुक्त प्रजाति एवं ऊंचाई, सुरक्षा, नियमित सिंचाई तथा रखरखाव की जिम्मेदारी तय करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही सामाजिक संस्थाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, चेम्बर ऑफ कॉमर्स और अन्य संगठनों को अभियान से जोड़कर अधिक से अधिक पौधारोपण एवं उनके संरक्षण की रणनीति बनाई गई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जल संरक्षण को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई। आयुक्त ने कहा कि भूजल स्तर को सुधारने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने घर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करना अथवा बोरवेल रिचार्ज कराना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था पर लगभग 10 से 15 हजार रुपये का खर्च आता है, लेकिन इससे भविष्य में जल संकट से काफी हद तक राहत मिल सकती है। आयुक्त ने कहा कि निगम भिलाई को स्वच्छ और सुंदर के साथ-साथ हरित शहर के रूप में विकसित करने के लिए लगातार प्रयासरत है, जिसमें नागरिकों और विभिन्न संस्थाओं की सहभागिता महत्वपूर्ण होगी। बैठक में बीएसपी प्रबंधन, जिला उद्योग केंद्र, चेम्बर ऑफ कॉमर्स तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा मुख्य अभियंता अजीत तिग्गा, वेशराम सिन्हा, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू, उप अभियंता श्वेता महेश्वर सहित निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## वीबी-जी रामजी योजना के तहत 1 जुलाई से अब तक जिले में 12,089 मानव दिवस सृजित

**दुर्ग, 22 जुलाई ।** ग्रामीण विकास एवं रोजगार सृजन को नई दिशा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा लागू ÷विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 के तहत 1 जुलाई 2026 से ग्रामीण क्षेत्रों में वीबी-जी रामजी योजना लागू कर दी गई है। इस नई व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण, जल संरक्षण, आजीविका संवर्धन, आधारभूत अधोसंरचना विकास तथा आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण पर विशेष बल दिया जा रहा है।

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार 1 जुलाई 2026 से अब तक दुर्ग जिले में 12,089 मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं। इसके लिए एसएनए (स्द्वठ्ठद्यद्ग प्रणाली के माध्यम से 36 लाख 26 हजार 700 रुपये की मजदूरी राशि जारी की गई है, जिसे श्रमिकों के बैंक खातों में अंतरित करने की प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। योजना के तहत मजदूरी भुगतान 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जा रहा है।योजना में यह प्रावधान भी किया गया है कि निर्धारित अवधि में रोजगार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में पात्र परिवारों को बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जाएगा। भुगतान प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए मजदूरी राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे श्रमिकों के बैंक अथवा डाकघर खातों में भेजी जा रही है। यदि मजदूरी भुगतान में 15 दिनों से अधिक की देरी होती है, तो श्रमिकों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि भी प्रदान की जाएगी।वीबी-जी रामजी योजना के अंतर्गत जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण, ग्रामीण अधोसंरचना विकास, आंगनबाड़ी भवन, पशुपालन एवं मत्स्य पालन से संबंधित कार्य, कौशल विकास केंद्र, बाढ़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन तथा अन्य जनहितकारी निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्राम पंचायतों की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाते हुए विकसित ग्राम पंचायत योजना के माध्यम से ग्राम सभाओं की सहभागिता से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों का चयन किया जाएगा।

# राधिका नगर और कृष्णा नगर में स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर की गई कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 जुलाई।** आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर राधिका नगर एवं कृष्णा नगर में स्वच्छता एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान निगम की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, साफ-सफाई में लापरवाही तथा सड़क पर बाधा उत्पन्न करने जैसी अनियमितताएं पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की। अधिकारियों ने कहा कि शहर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। कार्रवाई के तहत विनोद गुप्ता चाय सेंटर पर साफ-सफाई में लापरवाही के लिए 100 रुपये, राम नारायण गंधर्व चाय सेंटर पर 50 रुपये, दीनू राम सेन सैलून पर 50 रुपये, सिद्धि बाइक सर्विस सेंटर पर सड़क बाधा के लिए 100 रुपये, धनकर पान पैलेस पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के लिए 200 रुपये, निलेश पान ठेला पर साफ-सफाई के लिए 100 रुपये, जय जगन्नाथ डोसा सेंटर पर सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए 100 रुपये, शीर सागर डेली नीड्स पर 100 रुपये, हिना निर्मलकर सब्जी दुकान पर 100 रुपये तथा सुनीता किराना दुकान पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया गया। निगम की टीम ने अभियान के दौरान कुल 1,100 रुपये की चालानी कार्रवाई की।

# हादसे में 1 युवक की मौत,2 घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 जुलाई।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र फारेस्ट एवेन्यू रोड पर देर रात जेपी प्लांट चौक और जवाहर उद्यान के बीच एक तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइवा ने पीछे से बाइक को ठोकर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार ठेका श्रमिक के ऊपर से हाइवा का पहिया गुजर जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक छिटककर दूर जा गिरे और उनकी जान बच गई भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान एचएससीएल कालोनी तेलहा नाला खुर्सीपार निवासी श्याम राव पिता एम. रमेश (32 साल ) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि श्याम राव किसी काम से मौहारी मरोदा स्थित अपने रिश्तेदार गौरव ठाकुर पिता कृष्णा ठाकुर ( 20 साल ) के घर गया हुआ था श्याम राव रिश्ते में गौरव का मौसा था रात में भोजन करने के पश्चात गौरव ठाकुर अपने दोस्त मौहारी मरोदा निवासी कुश नेताम के साथ मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 एलएच 3204 पर मौसा श्याम राव को वापस खुर्सीपार छोड़ने आ रहा था। तीनों जैसे ही फारेस्ट एवेन्यू रोड पर जेपी प्लांट चौक और जवाहर उद्यान के मध्य पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ने उनकी मोटर साइकिल को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी ठोकर लगते ही गौरव और कुश छिटककर सड़क की दूसरी ओर जा गिरे, जिससे उन्हें मामूली चोटें आईं वहीं श्याम राव हाइवा के पहिए के नीचे आ गया और हाइवा का भारी पहिया उसे कुचलता हुआ निकल गया हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई घटना की सूचना मिलते ही भिलाई नगर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए सुपेला के शास्त्री अस्पताल भिजवा दिया मामले में भिलाई नगर थाने पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है तथा दुर्घटनाकारित हाइवा की तलाश की जा रही है देर रात हुई इस घटना से परिजनों में मातम पसरा हुआ है।

## फर्जी ऋण पुस्तिका से लिया पैसा,दो बंदी

**भिलाई, 22 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई अंजोरा स्थित एक प्लॉट की फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर कई लोगों से रकम लेने वाले आरोपी पति पत्नी के खिलाफ प्रार्थी ने पुलगांव थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 3 (5) ,318 (4), 336 (3), 338 एवं 340 (2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है उल्लेखनीय है कि ठगी के ही एक पुराने मामले में पुलगांव पुलिस ने दोनों आरोपी पति-पत्नी को 10 जुलाई को ही गिरफ्तार कर लिया था और न्यायालय में पेश किया था जहां से उन्हें जेल दाखिला किया गया है पुलगांव पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अजय चंद्राकर निवासी डिपरा पारा वार्ड 39 ने शिकायत दर्ज कराई है कि ग्राम अंजोरा स्थित 1240 वर्ग फुट के प्लाट का सौदा 3 लाख रुपए में उसने नेहा देशमुख एवं उसके पति नोकेश देशमुख से किया था प्रार्थी ने आरोप लगाया कि 27 फरवरी को इकरारनामा तैयार कर अजय चंद्राकर ने सेल्फ चेक के माध्यम से 2 लाख रुपए बयाना दिए थे। बाद में प्रार्थी को समाचार पत्रों से जानकारी मिली कि उक्त भूमि की फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर उस प्लॉट का सौदा अन्य लोगों से भी किया गया था और उसके साथ फर्जी दस्तावेजों के आधार पर धोखाधड़ी की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि जमीन रजिस्ट्री के नाम पर पूर्व में भी प्रार्थी संतोषी नेताम निवासी आर्य नगर कोहका से आरोपी पति-पत्नी ने 8 लाख रुपए की ठगी की थी इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिला किया जा चुका है ।

# छत्तीसगढ़ के अखिलेश पांडेय ने राष्ट्रीय मास्टर्स पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में जीते तीन कांस्य पदक




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 जुलाई।** महाराष्ट्र के संभाजीनगर में 18 से 22 जुलाई तक आयोजित राष्ट्रीय मास्टर्स वेटेरन पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी अखिलेश पांडेय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 66 किलोग्राम भार वर्ग में तीन कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। अखिलेश पांडेय ने स्क्वाट में 110 किलोग्रामए बेंच प्रेस में 80 किलोग्राम और डेडलिफ्ट में 140 किलोग्राम वजन उठाया। तीनों स्पर्धाओं में कुल 330 किलोग्राम वजन उठाकर उन्होंने कांस्य पदक अपने नाम किए। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के लिए पहला पदक भी दिलाया। अखिलेश पांडेय इससे पहले भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीत चुके हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें श्स्ट्रॉन्ग मैन ऑफ छत्तीसगढ़श् ;मास्टर्स वर्गद्ध के खिताब से भी सम्मानित किया जा चुका है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की ओर से डॉण् विकास अग्रवालए मुन्नू स्वामीए नश्कर टंडनए आरण्केण् पांडेयए राज वासनिक तथा महिला वर्ग में डॉण् रूपिया अग्रवाल और पद्मिनी शर्मा भी विभिन्न भार वर्गों में हिस्सा ले रहे हैं। इन खिलाड़ियों से भी पदक जीतने की उम्मीद जताई जा रही है। अंतरराष्ट्रीय कोच एवं छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव कृष्णा साहू एवं अध्यक्ष कैलाश जैन बरमेचा ने संयुक्त रूप से बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भाग लेने वाली भारतीय टीम के लिए किया जाएगा।

## जिले में अब तक 357.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग, 22 जुलाई ।** जिले में 1 जून 2026 से 21 जुलाई 2026 तक 357.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 479.1 मिमी तहसील बोरी में तथा न्यूनतम 249.3 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 397.1 मिमी, तहसील पाटन में 405.5 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 322.1 मिमी और तहसील अहिवारा में 293.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 21 जुलाई 2026 को तहसील दुर्ग में 5.2 मिमी, तहसील धमधा में 1.8 मिमी, तहसील पाटन में 24.1 मिमी, तहसील बोरी में 1.5 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 5.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 1.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## रुंगटा कॉलेज के छात्र पंकज वर्मा (दादु) का असमय निधन

### कुरुद मुक्तिधाम में हुआ अंतिम संस्कार

**उतई,22 जुलाई।** कुरुद भिलाई निवासी हिरेन्द्र वर्मा के सुपुत्र पंकज वर्मा उम्र 17 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया ।पंकज वर्मा रुगटा कालेज भिलाई में बी ई प्रथम वर्ष का विद्यार्थी था ।वह कुछ दिनो से अस्वस्थ था जिनका इलाज मित्तल हास्पिटल भिलाई में चल रहा था । उनके इस निधन से परिवार को गहरा सदमा लगा है ।वह हिमांशु वर्मा के बड़े भाई ,संतोष वर्मा सोनु वर्मा के भतीजा व बहादुर वर्मा के नाती थे ।उनका अंतिम संस्कार कुरुद स्थित मुक्तिधाम में किया गया । इस अवसर पर गाँव समाज व परिवार के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।



## एक नजर

### सोनाखान कॉलेज में अतिथि व्याख्याता भर्ती के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**बलौदाबाजार,22 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय नवीन महाविद्यालय सोनाखान में इतिहास, गणित विषयों के लिए अतिथि व्याख्याता हेतु 1-1 पदों पर भर्ती की जाएगी। भर्ती के लिए आवेदन पत्र 31 जुलाई 2026 तक आमंत्रित किए गए है। अभ्यर्थी रजिस्टर्ड डॉक एवं वाहक के हस्ते आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। रिक्त पदों के संबंध में अधिक जानकारी, शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता तथा अतिथि व्याख्याता नीति के संबंध में जानकारी के लिए महाविद्यालय के सूचना पटल या अग्रणी महाविद्याालय के वेबसाइट https://gdkcbalodabazar.ac.in/ का अवलोकन कर सकते हैं।

### ई -ऑफिस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी- कर्मचारी सम्मानित



**बलौदाबाजार,22 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा समस्त कार्यालयीन कार्य ई ऑफिस के माध्यम से डिजिटल प्लेटफार्म पर किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को ई -ऑफिस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी -कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने ई- ऑफिस में उत्कृष्ट कार्य करने पर एसडीएम सिमगा अतुल शेट्टे,सहायक ग्रेड 3 चिरंजीव शर्मा, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ नरेंद्र सिंह, सहायक ग्रेड 2 हेमंत कुमार चंद्रवंशी, जिला कार्यालय शिकायत शाखा से सहायक ग्रेड 3 विनय कुमार महार् को प्रशस्ति पत्र दिया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी उपस्थित थे।

### वृद्धाश्रम संचालन के लिए 12 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार,22 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समाज कल्याण विभाग, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा एकाकी जीवन व्यतीत कर रहे 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक आश्रय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रामसागर तालाब के पीछे स्थित ÷श्री वाटिका÷ वृद्धाश्रम बलौदाबाजार के आगामी संचालन के 12 अगस्त 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त अशासकीय स्वैच्छिक संस्थाओं, जिन्हें न्यूनतम तीन वर्ष का वृद्धाश्रम संचालन का अनुभव हो, तथा त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं एवं नगरीय निकाय कार्यालय उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।झ

### जिले में सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक की आम नागरिकों से विशेष अपील



**बलौदाबाजार 22 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में शांति, कानून व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय द्वारा जिले के समस्त मकान मालिकों, व्यवसायियों, ग्राम प्रमुखों एवं आम नागरिकों से एक विशेष जन-अपील की गई है। जिले में बाहरी व असामाजिक तत्वों की पहचान करने तथा संभावित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। मकान मालिकों हेतु अनिवार्य निर्देश (समाधान ऐपमें प्रविष्टि):- ?श्री गौरव राय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी मकान मालिक, होटल, लॉज संचालक अपने यहाँ रहने वाले किराएदारों एवं पेइंग गेस्ट की पूरी जानकारी एवं दस्तावेज समाधान ऐप में अनिवार्य रूप से दर्ज करें। बिना सत्यापन के किसी भी अनजान व्यक्ति को मकान या दुकान किराए पर न दें। सत्यापन न कराने वाले मकान मालिकों पर कानूनी कार्रवाई की जावेगी। संदिग्धों व अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की सूचना हेतु टोल-फ्री नंबरः- यदि आपके आसपास, मोहल्ले, गांव या कार्यस्थल पर कोई भी संदिग्ध व्यक्ति, बिना वैध पहचान पत्र के रहने वाला नागरिक या अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी/विदेशी नागरिक की जानकारी मिलती है, तो बिना किसी देरी के पुलिस के टोल-फ्री नंबर 1800 233 1905 पर तुरंत सूचित करें। सूचना देने वाले नागरिक की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी। संदिग्धों एवं असत्यापित व्यक्तियों से सुरक्षा को संभावित खतरे एवं नुकसान- ?आसपास के क्षेत्रों में बिना वैध पहचान या बिना सत्यापन के संदिग्ध व्यक्तियों/फेरीवालों के रहने से समाज में निम्नलिखित गंभीर अपराधों और सुरक्षा खतरों की आशंका बनी रहती है।

# पूरी निष्ठा और सेवा भाव से करें जनसेवा, विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में निभाएं महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री





**रायपुर,22 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ से अखिल भारतीय सेवाओं में चयनित अभ्यर्थियों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनसे जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अखिल भारतीय सेवाओं में चयनित होना केवल अभ्यर्थियों और उनके परिवार की नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा समाज और राष्ट्र के निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम है तथा इसमें कार्य करने वाले अधिकारियों को संवेदनशीलता, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि उन्हें लोगों की सेवा का जो अवसर मिला है, वह ईश्वर का आशीर्वाद और समाज का विश्वास है। इस अवसर का उपयोग आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने तथा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने में युवा प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी चयनित अभ्यर्थी अपनी प्रतिभा, कार्यकुशलता और सेवा भावना से छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री से अपने अनुभव साझा किए तथा उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। सौजन्य मुलाकात के दौरान अखिल भारतीय सेवाओं में चयनित अभ्यर्थियों में सुश्री सुष्मिता सिंह, सुश्री वैभवी अग्रवाल, सुश्री दर्शना सिंह बघेल, श्री रौनक अग्रवाल, श्री अजय गुप्ता, श्री अंकित सकनी, श्री डायमंड ध्रुव एवं श्री संजय डहरिया सहित उनके परिजन उपस्थित थे।

# जिले में आधुनिक खेती के लिए दिया जा रहा तकनीक को बढ़ावा

**अब सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को मिलेगी ड्रोन स्प्रेयर की सुविधा**

- राजस्व मंत्री ने ड्रोन स्प्रेयर प्रदर्शन का किया शुभारंभ,उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार -भाटापारा, 22 जुलाई।** कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने तथा किसानों को वैज्ञानिक एवं उन्नत खेती से जोड़ने की दिशा में जिला बलौदाबाजार -भाटापारा ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। जिले की 5 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में ड्रोन स्प्रेयर सुविधा प्रारंभ की गई है।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मंगलवार को नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर बलौदाबाजार में सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधि -विधान से पूजा -अर्चना कर इस महत्वाकांक्षी पहल का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं किसानों की उपस्थिति में रिमझिम फुहारो के बीच प्रशिक्षित ड्रोन पायलटों द्वारा ड्रोन स्प्रेयर का सफल प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान ड्रोन तकनीक के माध्यम से उर्वरक एवं कीटनाशकों के सटीक छिड़काव, समय की बचत, लागत में कमी तथा बेहतर कृषि प्रबंधन की उपयोगिता को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि आज जिले के लिये ऐतिहासिक दिन है जहां किसान समितियों के माध्यम से ड्रोन से खाद व दवाई का छिड़काव कर सकेंगे।ड्रोन की मदद से खाद एवं दवाओं का छिड़काव करने पर समय के साथ मजदूरी की भी बचत कर सकते हैं।ड्रोन तकनीक के उपयोग से कम समय में अधिक क्षेत्र में छिड़काव संभव होगा, रसायनों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित होगा तथा किसानों का श्रम और लागत दोनों कम होंगे। साथ ही खेतों में सीधे प्रवेश की आवश्यकता कम होने से फसलों को नुकसान की संभावना भी घटेगी। यह पहल कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के नए अवसर भी सृजित करेगी। उन्होंने कहा कि ड्रोन दीदी ड्रोन चलाएगी जिससे उन्हें आजीविका के साधन उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों को समृद्ध व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है और योजना लागू कर रही है। मंत्री श्री वर्मा ने कृषि में रासायनिक उर्वरक व दवाई के उपयोग के दुसप्रभाव को रेखांकित करते हुए प्राकृतिक व जैविक खेती की ओर लौटने किसानों से अपील की।

उन्होंने कहा कि जैविक खेती से खाद्यान्न की गुणवत्ता में सुधार होता है और भूमि की उर्वरा शक्ति लंबे समय तक बनी रहती है। एक समय हमारे गौवंशी पशु कृषि व्यवस्था का आधार हुआ करते थे और हमारी प्राचीन कृषि परंपराएं ही हमें सतत (सस्टेनेबल) खेती की दिशा में आगे बढ़ाती हैं। इसलिए किसान भाई परंपरागत जैविक खेती को अपनाएं और धीरे-धीरे रासायनिक उर्वरकों पर अपनी निर्भरता कम करें। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में केन्द्र एवं राज्य सरकार किसानों को समृद्ध करने का काम कर रही है। आज कृषि के क्षेत्र में नवीन तकनीक एवं वैज्ञानिक पद्धति का किसान उपयोग कर समृद्ध हो रहे हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि समितियों के माध्यम से अब किसानों को आसानी से ड्रोन से छिड़काव के लिये उपलब्ध होंगे। इसके लिये प्रति एकड़ निर्धारित शुल्क देना होगा। उन्होंने बताया कि अब जिले के सभी समितियां पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत है जिससे अब हर आंकड़े ऑनलाइन उपलब्ध है। समितियां सीएससी के रूप में काम कर रही है जिसमें सेवा सेतु पोर्टल के कार्य हो रहे है। यह मिनी बैंक के रूप में भी कार्य कर रही है । आज सभी समितियो में माइक्रो एटीएम की सुविधा है जिससे किसानो को 10 -20 हजार के लिये बैंक जाने की जरुरत नहीं है। इन समितियो में ड्रोन उपलब्ध- जिले में जिन समितियों को ड्रोन स्प्रेयर सुविधा से जोड़ा गया है उनमें बलौदाबाजार,कसडोल,बया, गिर्रा,(पलारी),दामाखेड़ा (सिमगा)शामिल हैं। इन समितियों में लगभग 11 ड्रोन उपलब्ध है। सहकारिता विभाग ने इस वर्ष ड्रोन के माध्यम से लगभग 50 हजार एकड़ में छिड़काव का लक्ष्य रखा है।क्षेत्र के किसानों को आवश्यकता अनुसार ड्रोन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। किसान सम्बंधित समिति में जाकर ड्रोन से छिड़काव के लिये पर्ची कटाएंगे जिसमें छिड़काव तिथि व रकबा बताना होगा। समिति द्वारा तय तिथि पर मय ड्रोन पायलट किसान के खेत पर ड्रोन पहुंचा दिया जाएगा। किसान को खाद या कीटनाशक उपलब्ध कराना होगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान - धान खरीदी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 17 समिति प्रबंधकों,ई पैक्स में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## पीएम फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 जुलाई।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने किसानों इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव को देखते हुए सभी ऋणी एवं अऋणी किसान अपने फसलों का शत्-प्रतिशत बीमा अनिवार्य रूप से कराने अपील की है। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

मुआवजे का प्रावधान - प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत किसानों के फसल के बाधित रोपाई/रोपण जोखिम, स्थानीय आपदाओं (ओलावृष्टि, बादल का फटना, प्राकृतिक आकाशीय बिजली), फसल कटाई के उपरान्त होने वाले नुकसान से फसल को होने वाली क्षति के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। योजना का उद्देश्य किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करना और खेती को एक सुरक्षित व लाभकारी व्यवसाय बनाना है।

बीमा कहॉ से कराये - ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वचालित रूप से कर दिया जाएगा, लेकिन अऋणी कृषकों को कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी,बीमा कम्पनी के ब्लॉक प्रतिनिधि,ग्राहक सेवा केन्द्र संबंधित बैंक से सम्पर्क कर बीमा करा सकते है।

फसल बीमा हेतु आवश्यक दस्तावेज - नवीनतम् आधार कार्ड की कॉपी, नवीनतम् भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2), बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिसमें खाता क्रमांक एवं आई.एफसी. कोड,बैंक का पता साफ दिख रहा हो, फसल बुवाई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का घोषणा एवं किसान का वैध मोबाईल नम्बर तथा बंटाईदार,कास्तकार,साझेदार किसानों के लिए फसल साझा,कास्तकार का घोषणा पत्र।

फसल बीमा उपरांत फसल क्षति जानकारी दर्ज करने हेतु 72 घंटे के भीतर कृषि रक्षक पोर्टल व हेल्पलाईन नम्बर 14447 में कर सकते हैं। साथ ही किसान अपने क्षेत्रीय कृषि विभाग, राजस्व विभाग, संबंधित बैंक या बीमा कम्पनी को भी तय समय-सीमा में सूचित कर सकते है।

# पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान में होगा स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह का आयोजन

- कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपी तैयारी के लिए जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 22 जुलाई।** स्वतंत्रता दिवस जिला स्तरीय समारोह का आयोजन 15 अगस्त 2026 को बलौदाबाजार स्थित पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मैदान में होगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक में अधिकारियो को जरुरी निर्देश देते हुए जिम्मेदारी सौंपी।

समारोह के लिए विभागवार अधिकारियों को अलग-अलग कामों के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई। बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए वाटर प्रूफ पंडाल लगाने तथा बैठक सहित अन्य तमाम व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल ग्राउंड में शुरू होगा। मुख्य अतिथि यहां ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। इसके पहले सभी सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण हो जाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम का अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को सुबह 9 बजे स्टेडियम मैदान में होगा। इस बार राष्ट्र गान के पूर्व राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम का भी गायन होगा।समारोह स्थल की साफ सफाई, बैरिकेडिंग, शामियाना, मंच एवं माईक,पानी व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, शांति एवं यातायात व्यवस्था, मार्च पास्ट परेड, स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, चिकित्सा व्यवस्था, शहीद परिजनों का सम्मान, पुरस्कार वितरण आदि के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में एसपी गौरव राय,सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ती गौते, ए. आर. टंडन,निशा नेताम मड़ावी,सीमा ठाकुर सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### बेलनार को मिला पहला पक्का प्राथमिक विद्यालय

**रायपुर, 22 जुलाई।** बीजापुर जिले के विकासखंड भैरमगढ़ के सुदूर ग्राम बेलनार में बच्चों के लिए पहला पक्का प्राथमिक विद्यालय भवन तैयार हो गया है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, बीजापुर द्वारा निर्मित इस नए विद्यालय भवन से अब बच्चों को सुरक्षित, व्यवस्थित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा।

इंद्रावती नदी के किनारे स्थित बेलनार गांव ग्राम पंचायत मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर है। लंबे समय तक यहां विद्यालय भवन नहीं होने के कारण बच्चों को कच्ची पाठशाला और अस्थायी शेड के नीचे पढ़ाई करनी पड़ती थी। बरसात और गर्मी के मौसम में इससे पढ़ाई प्रभावित होती थी और विद्यार्थियों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। शिक्षा विभाग (डी.पी.आई.) की स्वीकृति से बेलनार में नवीन प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कराया गया है। भवन निर्माण पूरा होने के बाद अब बच्चे पक्के और सुरक्षित विद्यालय में पढ़ाई कर सकेंगे।

## कलेक्टर ने 5 दिव्यांगजनों को प्रदान किए सहायक उपकरण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,22 जुलाई।** जिले में दिव्यांगजनों को सुविधा और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरणों का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को पांच दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए।

बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम शुक्लाभाठा निवासी 8 वर्षीय बालक साहिल यादव को व्हीलचेयर एवं ग्राम सरखोर निवासी दिलीप कुमार पटेल को मोटराइज्ड ट्रायसिकल, नगर पालिका भाटापारा निवासी जितेन्द्र मिरी, सिमगा तहसील के ग्राम बड़े जरौद निवासी रज्जू लहरी, ग्राम हथबंद निवासी साधे रात्रे तथा पलारी तहसील के ग्राम मल्लिन निवासी बुधयारिन साहू को मोटराइज्ड ट्रायसिकल प्रदान किया गया। सहायक उपकरण मिलने से दिव्यांगजनों और उनके परिवारों में खुशी का माहौल है। उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जरूरतमंदों को मिल रही इस मदद से परिवारों को बड़ी सहायता मिल रही है। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजनों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपने दैनिक कार्य कर सकें।

# शिविर में विशेष आवश्यकता वाले 43 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर कार्ड बनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,22 जुलाई।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में मनोविकास केंद्र बलौदाबाजार में प्रबंधन द्वारा जिला अस्पताल बलौदाबाजार के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल टीम के सहयोग से दिव्यांग एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक दिवसीय समग्र स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान जिला अस्पताल से आए डॉ. कमलेश (शिशु रोग विशेषज्ञ),रोशन लाल (मनोचिकित्सकीय सामाजिक कार्यकर्ता), सत्यरंजन मरकाम (एम.एल.टी.) सहित चिकित्सा दल ने केंद्र में अध्ययनरत 43 विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । प्रत्येक बच्चे का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, शारीरिक मापदंडों का मूल्यांकन तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं का आकलन कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं प्रारंभिक हस्तक्षेप प्रदान किए गए।

शिविर के अंतर्गत सभी बच्चों के व्यक्तिगत मेडिकल कार्ड तैयार किए गए, जिनमें उनके स्वास्थ्य संबंधी विवरण, जांच निष्कर्ष एवं चिकित्सकीय परामर्श दर्ज किए गए। शिविर में मनोचिकित्सकीय सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल ने अभिभावकों को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहार प्रबंधन, पारिवारिक सहयोग, सामाजिक समावेशन तथा नियमित पुनर्वास सेवाओं के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों के समग्र विकास के लिए परिवार, विद्यालय और चिकित्सकीय टीम के बीच समन्वित प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं।

इस अवसर पर अभिभावकों एवं बच्चों को वर्षा ऋतु में होने वाली सामान्य बीमारियों एवं संक्रमणों जैसे वायरल बुखार, डायरिया, डेंगू, मलेरिया, त्वचा संक्रमण तथा श्वसन संबंधी रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई। चिकित्सकों ने स्वच्छ पेयजल का उपयोग, हाथों की नियमित सफाई, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, मच्छरों से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। चिकित्सा दल ने बताया कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श, मनोवैज्ञानिक एवं पुनर्वास सेवाओं की निरंतर उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है।

## खुद चोरी कर पुलिस में दर्ज कराई थी अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट, हथबंद पुलिस की कड़ाई के आगे टूटा आरोपी!

**बलौदाबाजार 22 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में संपत्ति संबंधी अपराधों पर नियंत्रण एवं पारदर्शी पुलिसिंग हेतु पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय (ढ्ढक्कस्) के कुशल निर्देशन में थाना हथबंद पुलिस को एक अनोखी और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। ग्राम खिलोरा में निर्माणाधीन हाई स्कूल में सुरक्षा में तैनात चौकीदार द्वारा ही अपने भाई के साथ मिलकर छड़ काटने की कीमती मशीन चोरी करने और बाद में पुलिस को गुमराह करने के लिए खुद ही फरियादी बनकर झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने का भंडाफोड़ हुआ है। हथबंद पुलिस ने दोनों आरोपी सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना एवं झूठी कहानी का विवरणः- प्रार्थी जयनारायण घृतलहरे (उम्र 46 साल, निवासी ग्राम खिलोरा) ने थाना हथबंद में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह दिनांक 07.07.2026 की रात्रि में ग्राम खिलोरा के निर्माणाधीन हाई स्कूल भवन में चौकीदारी करने गया था। दिनांक 08.07.2026 की सुबह करीब 04:30 बजे वह घर चला गया और जब सुबह 07:00 बजे वापस लौटा, तो देखा कि दो कमरों का ताला टूटा हुआ था और कमरे में रखी बुश कंपनी की छड़ काटने की बड़ी मशीन (कीमती करीब ?15,000/-) गायब थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध क्र. 151/2026 धारा 331(4),305(ए) बी.एन.एस. दर्ज कर विवेचना में लिया गया। हथबंद पुलिस की सूझबूझ और संदेह के आधार पर पूछताछः- विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने घटना स्थल का मुआयना किया, नजरी नक्शा तैयार किया और गवाहों के बयान लिए।

# आंदोलन के नाम पर भीड़ की अराजकता

कोई भी संगठन इतना बड़ा व प्रभावशाली नहीं होता है कि वह देशव्यापी आंदोलन कर सके लेकिन हर संगठन की बड़ी इच्छा होती है कि वह इतना बड़ा आंदोलन करे कि लोग कहें बड़ा आंदोलन किया और आंदोलन सफल भी रहा। हर संगठन व राजनीतिक दल की कोशिश यही रहती है कि मुद्दा बड़ा प्रभावी हो या न हो लेकिन आंदोलन बड़ा लगना चाहिए, आंदोलन प्रभावी लगना चाहिए। जैसे राजनीति में सत्तारुढ़ दल को वर्तमान में केंद्र व कई राज्यों में एक दल मिलकर नहीं हरा पाता है तो कई दल मिलकर चुनाव लड़ते हैं और उसे हराने का प्रयास करते हैं कभी सफल होते हैं और कभी सफल नहीं भी होते हैं। इसी तरह कोई एक संगठन देशव्यापी आंदोलन तो नहीं कर सकता। इसलिए दिल्ली में आंदोलन करते हैं और उसका अनेक संगठन समर्थन कर आंदोलन को बड़ा बनाने का प्रयास करते हैं। सरकार किसी एक संगठन के मांगों और आंदोलन को गंभीरता नहीं लेती है क्योंकि सरकार इस तरह छोटे छोटे संगठनों की मांगों को गंभीरता से लेने लगे तो देश व राज्यों में इतने संगठन है कि कोई भी सरकार परेशान हो जाएंगी क्योंकि सरकार को संगठन व राजनीतिक कमजोर पाते हैं तो वह आए दिन आंदोलन करते हैं, मांगें करते रहेंगे। हर संगठन अपनी मांग मनवाने के लिए सरकार को झुकाना चाहता है और सरकार हर संगठन की मांग पर झुकना नहीं चाहती है। यही वजह है कि राज्य हो दिल्ली में आंदोलन चलते रहते हैं और सभी आंदोलनों को सरकार गंभीरता से नहीं लेती है क्योंकि संगठनों का मकसद जनहित,राज्यहित व देशहित कम अपने आपको को सरकार से बड़ा बताना होता है। काकरोच जनता पार्टी भी कोई बड़ा संगठन नहीं है,उसने नीट पेपर लीक के मुद्दे को उठाकर शिक्षामंत्री से इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में आंदोलन शुरू कर दिया। कई दिनों तक इस आंदोलन का कोई खास असर नहीं हुआ लेकिन सोनम वांगचुक के अनशन से इसका असर शुरू हुआ और देश के संगठनों व राजनीतिक दलों को लगा कि अब इसका समर्थन नहीं करेंगे तो उनको राजनीतिक नुकसान होगा, इसलिए आंदोलन के आखिरी दिनों में कई प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता आंदोलन स्थल पहुंचे और आंदोलन का समर्थन किया। इससे जिस आंदोलन की तरफ सरकार ध्यान नहीं दे रही थी, सरकार को भी ध्यान देना पड़ा। बात करने के लिए सीजेपी के नेताओं को बुलाना पड़ा।कांग्रेस जो इसी मुद्दे पर अलग राहुल गांधी के नेतृत्व में गूंज कार्यक्रमों का आयोजन राज्यों में कर रही है, उसको भी इस आंदोलन का समर्थन करने अपने एक छोटे नेता को दिल्ली आंदोलनस्थल भेजना पड़ा। एक छोटा आंदोलन जो एक नया संगठन चला रहा था वह आखिरी के दिनों में देश भर के छोटे छोटे संगठनों व राजनीतिक दलों के समर्थन से बड़ा आंदोलन हो गया। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो एक छोटा आंदोलन को सरकार विरोधी लोगों ने मिलकर बड़ा आंदोलन बनाने का प्रयास संसद मार्च के नाम पर किया। संसद मार्च का श्रेय भले ही सीजेपी को मिले लेकिन इस आंदोलन को कोई बड़ा नेता नहीं था इसलिए हर आंदोलन की तरह इस आंदोलन में अराजक तत्व शामिल हुए और लोकतंत्र जहां पर शांतिपूर्ण आंदोलन को अधिकार माना जाता है उसकी आड़ में अक्सर हर बड़े आंदोलन के समय भीड़तंत्र में शामिल लोग अराजकता फैलाते हैं और इससे जहां अराजकता फैलाया जाता है वहां के लोग तो पेरशान होते हैं,कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली एजेंसी को भी बहुत परेशानी होती है। एक आंदोलन के नाम पर जब अराजकता फैलाई जाती है तो उसका विरोध सबको करना चाहिए। लोकंतत्र में बिना अनुमति के भीड़ इकट्ठा करना और बाद में उसे नियंत्रित नहीं कर पाने से सबको परेशानी होती है। पुलिस को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जो कुछ करना भी पड़ता है, उससे भी लोगों को परेशानी होती है। संसद मार्च के नाम पर भीड़ कई संगठनों ने जुटा तो ली लेकिन उसका नियंत्रण कोई नहीं कर सका और अराजक भीड़ जो कर सकती है, उसने संसद के आसपास किया। इससे कुछ लोगों को भले लगता हो कि वह जीत गए हैं, सरकार हार गई है लेकिन हकीकत में यह लोकतंत्र की हार होती है। लोकतंत्र के नाम पर भीड़तंत्र ने कई बार देश में अराजकता फैलाई है और इससे देश को नुकसान ही हुआ है। आम लोगों का भरोसा आंदोलनों पर कम हुआ है क्योंकि आंदोलन कोई भी करे,कहीं भी करे उससे परेशानी तो आम लोगों को होती है और आंदोलन करने वाला कोई भी संगठन हो,कोई भी नेता हो उसको इस बात की कोई फिक्र नहीं होती है कि उसके आंदोलन से लोगों को क्या परेशानी होती है।

## विश्लेषण

# छात्र आंदोलन: मुद्दों से भटकती बहस और भविष्य की चिंता

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन केवल अधिकार नहीं, बल्कि जवाबदेही सुनिश्चित करने का एक प्रभावी माध्यम भी है। जब व्यवस्था में कोई गंभीर खामी सामने आती है, तब जनता अपनी आवाज़ बुलंद करती है और सरकार से जवाब मांगती है। विशेष रूप से जब मामला लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा हो, तब विरोध का स्वर और अधिक स्वाभाविक हो जाता है। NEET जैसी राष्ट्रीय परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक की खबरों ने पूरे देश के युवाओं और उनके अभिभावकों को चिंतित किया। वर्षों की कठिन मेहनत के बाद यदि किसी परीक्षा की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लग जाए, तो आक्रोश पैदा होना असामान्य नहीं है। किंतु इस पूरे घटनाक्रम ने एक बड़ा प्रश्न भी खड़ा किया कि क्या छात्र आंदोलनों का उद्देश्य वास्तव में छात्रों का भविष्य रह गया है, या फिर वे धीरे-धीरे राजनीतिक और वैचारिक संघर्षों का मंच बनते जा रहे हैं? किसी भी छात्र आंदोलन की सबसे बड़ी ताकत उसकी नैतिकता होती है। जब छात्र अपने अधिकारों और भविष्य के लिए संघर्ष करते हैं, तब समाज उनके साथ खड़ा होता है। अभिभावक, शिक्षक और आम नागरिक भी उनकी मांगों को उचित मानते हैं। लेकिन जैसे ही आंदोलन का केंद्र बदलने लगता है और मूल मुद्दे से असंबंधित विषय मंच पर आने लगते हैं, तब उसकी विश्वसनीयता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। यदि परीक्षा में गड़बड़ी के विरोध का मंच ऐसे नारों, भाषणों या विवादों का केंद्र बन जाए जिनका शिक्षा व्यवस्था से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है, तो आंदोलन की गंभीरता कम होती है और वास्तविक मुद्दा पीछे छूट जाता है। आज देश का युवा पेपर लीक से परेशान है। उसे इस बात की चिंता है कि वर्षों की मेहनत कहीं किसी अपराधी गिरोह की वजह से व्यर्थ न चली जाए। ऐसे में सबसे बड़ा प्रश्न यह होना चाहिए कि पेपर लीक कैसे रुकेंगे, परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित कैसे बनाया जाएगा, दोषियों को कितनी जल्दी और कितनी कठोर सजा मिलेगी तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कौन-से संस्थागत सुधार किए जाएंगे। यदि इन मूल प्रश्नों के स्थान पर केवल राजनीतिक नारे और सरकार विरोध या सरकार समर्थन की बहस प्रमुख हो जाए, तो समाधान की दिशा कमजोर पड़ जाती है।



यह भी स्वीकार करना होगा कि पेपर लीक कोई नई समस्या नहीं है। अलग-अलग राज्यों में, अलग-अलग सरकारों के समय विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के मामले सामने आते रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि समस्या किसी एक दल, एक मंत्री या एक सरकार तक सीमित नहीं है। समस्या उस तंत्र में है जिसमें अपराधी गिरोह सेंध लगाने में सफल हो जाते हैं। इसलिए यदि हर बार केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक ही चर्चा सीमित रहेगी, तो वास्तविक अपराधी बच निकलेंगे और विद्यार्थी बार-बार पीड़ित होंगे। किसी मंत्री का इस्तीफा लोकतांत्रिक जवाबदेही का विषय हो सकता है, लेकिन यह अपने आप में अंतिम समाधान नहीं है। मंत्री बदलने से व्यवस्था तभी बदलेगी जब प्रशासनिक सुधार, तकनीकी सुरक्षा, पारदर्शी जांच और कठोर दंड व्यवस्था लागू होगी। यदि जड़ पर प्रहार नहीं होगा तो केवल चेहरे बदलने से परिणाम नहीं बदलेंगे। इसलिए छात्र आंदोलनों का केंद्र व्यक्ति नहीं, व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। सोशल मीडिया के दौर में आंदोलनों की दिशा बहुत तेजी से बदलती है। कुछ सेकंड की वीडियो क्लिप, एक नारा या एक पोस्ट पूरे आंदोलन की छवि तय कर देती है। यही कारण है कि आंदोलन से जुड़े लोगों की जिम्मेदारी पहले से कहीं अधिक बढ़ जाती है। यदि मंच पर ऐसे नारे सुनाई दें जिनका परीक्षा या शिक्षा से कोई संबंध न हो, तो आम नागरिक यह सोचने पर विवश हो जाता है कि क्या आंदोलन का मूल उद्देश्य वही है जो शुरुआत में बताया गया था। लोकतंत्र में विचारधाराओं का स्थान है, लेकिन जब छात्र आंदोलन वैचारिक प्रतिस्पर्धा का माध्यम बन जाए, तब सबसे बड़ा नुकसान उन्हीं छात्रों का होता है जिनके नाम पर आंदोलन शुरू हुआ था। सार्वजनिक जीवन में सक्रिय किसी भी व्यक्ति—चाहे वह सामाजिक कार्यकर्ता हो, छात्र नेता हो या आंदोलन का चेहरा—उसकी बातों से सहमति और असहमति दोनों हो सकती हैं। लोकतंत्र इसी विविधता का नाम है। लेकिन किसी भी आंदोलन का मूल्यांकन व्यक्तियों की लोकप्रियता से नहीं, बल्कि उसके उद्देश्य और परिणामों से होना चाहिए। यदि आंदोलन छात्रों के भविष्य के लिए शुरू हुआ है, तो उसकी हर गतिविधि, हर नारा और हर मांग उसी उद्देश्य को मजबूत करने वाली होनी चाहिए। अन्यथा समाज का विश्वास कमजोर पड़ने लगता है। आज आवश्यकता केवल दोषारोपण की नहीं, बल्कि व्यापक सुधार की है। राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के लिए अत्याधुनिक डिजिटल सुरक्षा व्यवस्था विकसित करनी होगी। प्रश्नपत्रों के निर्माण से लेकर वितरण तक हर चरण में जवाबदेही तय करनी होगी। साइबर सुरक्षा को मजबूत करना होगा। पेपर लीक में शामिल संगठित गिरोहों की संपत्ति जब्त करने, त्वरित न्याय और आजीवन प्रतिबंध जैसे कठोर उपायों पर गंभीरता से विचार करना होगा। जब तक अपराधियों को यह भय नहीं होगा कि उनके अपराध की कीमत बहुत भारी होगी, तब तक समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं होगी। राजनीतिक दलों की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। सत्ता पक्ष को आलोचना से बचने के बजाय पारदर्शी कार्रवाई करनी चाहिए, जबकि विपक्ष को केवल सरकार की आलोचना तक सीमित रहने के बजाय रचनात्मक सुझाव भी देने चाहिए। यदि हर समस्या केवल राजनीतिक लाभ-हानि के चश्मे से देखी जाएगी, तो छात्रों का विश्वास लोकतांत्रिक संस्थाओं से कम होता जाएगा। शिक्षा और युवाओं का भविष्य किसी भी राजनीतिक लाभ से कहीं अधिक महत्वपूर्ण विषय है। समाज को भी आत्ममंथन करना होगा। कई बार हम सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो, अधूरी सूचनाओं या भावनात्मक संदेशों के आधार पर तुरंत पक्ष-विपक्ष तय कर लेते हैं। जबकि किसी भी आंदोलन या विवाद का मूल्यांकन तथ्यों, प्रमाणों और संतुलित दृष्टिकोण से होना चाहिए। लोकतंत्र में असहमति आवश्यक है, लेकिन असहमति तभी सार्थक होती है जब वह विवेक और जिम्मेदारी के साथ व्यक्त की जाए। छात्रों को भी यह समझना होगा कि उनकी सबसे बड़ी शक्ति उनकी नैतिक विश्वसनीयता है। यदि वे अपने मुद्दों पर एकजुट रहेंगे, तो पूरा समाज उनके साथ खड़ा होगा। लेकिन यदि उनका आंदोलन राजनीतिक ध्रुवीकरण का माध्यम बन जाएगा, तो उनकी वास्तविक मांगें पीछे छूट जाएँगी। इतिहास गवाह है कि सफल जनांदोलन वही रहे हैं जिन्होंने अपने मूल उद्देश्य को कभी नहीं छोड़ा। भारत विश्व की सबसे युवा आबादी वाले देशों में है। यह जनसंख्या हमारी सबसे बड़ी ताकत भी है और सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी। यदि युवाओं का विश्वास परीक्षा प्रणाली, शिक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं से डगमगाने लगे, तो उसका प्रभाव केवल एक परीक्षा तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पूरे राष्ट्र के भविष्य पर पड़ेगा। इसलिए पेपर लीक जैसी घटनाओं को केवल समाचार या राजनीतिक विवाद मानकर छोड़ देना उचित नहीं होगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार, न्यायपालिका, जांच एजेंसियाँ, शैक्षणिक संस्थान, अभिभावक, शिक्षक और छात्र—सभी मिलकर ऐसी व्यवस्था तैयार करें जिसमें मेहनत का सम्मान हो, प्रतिभा को अवसर मिले और किसी भी छात्र को यह भय न रहे कि उसकी सफलता किसी अपराधी गिरोह की वजह से छिन सकती है।

लोकतंत्र में आंदोलन आवश्यक हैं, लेकिन आंदोलन तभी प्रभावी होते हैं जब वे अपने मूल उद्देश्य से न भटकें। यदि लक्ष्य छात्रों का भविष्य है, तो बहस भी उसी पर केंद्रित रहनी चाहिए। व्यक्ति आएँगे-जाएँगे, सरकारें बदलेंगी, राजनीतिक दल सत्ता में आएँगे और जाएंगे, लेकिन भारत का भविष्य आज का विद्यार्थी ही तय करेगा। इसलिए छात्र आंदोलनों को राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का नहीं, बल्कि शिक्षा सुधार और पारदर्शी व्यवस्था का माध्यम बनाना ही समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

**मेष राशि**-मेष राशि वालों के दिन खास रहेगा। अगर आप अविवाहित हैं, तो प्रेम संबंध परिवार की मंजूरी तक पहुंच सकते हैं। वहीं वैवाहिक जीवन जी रहे लोगों के रिश्तों में सकारात्मक पल सामने आएंगे। कार्यक्षेत्र में भी आपके प्रयासों की सराहना हो सकती है।

**वृषभ राशि**-आज का दिन राहत और संतुलन लेकर आएगा। मन की कोई इच्छा पूरी होने से खुशी मिलेगी। वाहन से जुड़ी छोटी-मोटी परेशानियों को नजरअंदाज न करें। निवेश के अच्छे आपको प्राप्त हो सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन राशि**-मिथुन राशि वालों के लिए सामान्य रहेगा, लेकिन सावधानी बरतें। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। अपने शौक पूरे करने के लिए कुछ खरीदारी कर सकते हैं। मित्रों का सहयोग भी मिलेगा। कोई दोस्त आपसे मिलने भी आ सकता है। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**कर्क राशि**-आज का दिन नई संभावनाओं के द्वार खोल सकता है। नई योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए समय अनुकूल रहेगा। किसी महत्वपूर्ण डील के पूरी होने के योग बन रहे हैं। परिवार का सहयोग आपके मनोबल को मजबूत करेगा।

**सिंह राशि**-सिंह राशि वालों के लिए दिन खास रहेगा। आपकी सोच लोगों को प्रभावित करेगी। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी। किसी शुभ समाचार से मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या राशि**-कन्या राशि वालों के लिए दिन परेशानियां लेकर आ सकता है। पुरानी किसी समस्या के दोबारा सामने आने से थोड़ी चिंता हो सकती है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। धन लाभ के लिए अधिक परिश्रम करना पड़ सकता है।

**तुला राशि**-तुला राशि वालों के लिए दिन खास रहेगा। पुराने मित्रों की यादें मन को भावुक कर सकती हैं। रुका हुआ धन मिलने की संभावना है। व्यापार आपका सफल होता हुआ नजर आएगा। पारिवारिक माहौल सुखद रहेगा।

**वृश्चिक राशि**-किसी पुराने संपर्क से लाभ मिलने के संकेत हैं। जीवनसाथी का सहयोग आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। किसी नए कार्य की शुरुआत के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**धनु राशि**-धनु राशि वालों को किसी पुरानी गलती से सीख लेकर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। विवाह योग बन सकते हैं। आपकी कला कौशल में भी निखार आएगा। जीवनसाथी के साथ छोटी-मोटी नाराजगी बातचीत से दूर हो जाएगी। आज यात्रा के दौरान सतर्क रहें।

**मकर राशि**-व्यापार में सतर्कता बनाए रखें। किसी भी दस्तावेजज पर हस्ताक्षर करने से पहले अच्छी तरह जांच लें। व्यापार में किसी पर अधिक भरोसा आपको नुकसान पहुंचा सकता है। रिश्तों में प्रेम बनाए रखें। परिवार का सहयोग आपके लिए संबल बनेगा।

**कुंभ राशि**-पिताजी के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो सकती है। किसी अजनबी पर आंख बंद करके भरोसा करने से बचें। आर्थिक मामलों में भी लाभ के संकेत हैं।

**मीन राशि**-कार्यक्षेत्र में किसी सहयोगी की गतिविधियों पर भी नजर बनाए रखें। मित्रों की मदद करने का अवसर मिलेगा। लेकिन जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचें। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

## अनदेखी छुअन

### व्यंग्य

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**



बुंदेलखंड के उस सुदूर और सूखे इलाके के आखिरी कोने पर जहाँ सरकारी पानी का नल पिछले कई दशकों से केवल सूखी हवा और जंग के कतरे उगल रहा था वहाँ महुआ के गिरे हुए पत्तों के पीछे मिट्टी की एक ढहती हुई पुरानी ओवरी थी। उस ओवरी की कच्ची चौखट पर कोई किवाड़ नहीं था बस एक फटा हुआ टाट का बोरा हवा के बर्फीले थपेड़ों से इस तरह हिल रहा था मानो कोई मरणासन्न उम्मीद अपनी अंतिम साँसें रोककर किसी अपने के आने का रास्ता देख रही हो। भीतर बिजली का कोई नामोनिशान नहीं था बस फर्श पर मिट्टी का एक दीया जल रहा था जिसकी मद्धम रोशनी पूरे कमरे में एक सोंधी महक और उदासी का कोहरा फैला रही थी जो सीधे देखने वाले के अंतस को भीजने का काम करती थी। उस कोने में रखे एक पुराने पीतल के घड़े के पास एक बूढ़ा पिता बैठा था जिसके हाथों की झुर्रियों में इस रेतीले अंचल की पूरी लाचारी और गुरबत साफ़ दिखाई दे रही थी और वह अपनी सूनी हो चुकी पथराई आँखों से उस सूखे बर्तन को इस तरह ताक रहा था जैसे वह कोई बेजान धातु नहीं बल्कि अपनी उस संतान का खोया हुआ स्पर्श ढूंढ रहा हो जो बरसों पहले शहर के बड़े अफसरों की चमचमाती फाइलों की भेंट चढ़ चुकी थी। एक बदहवास और कीमती लिबास पहने नौजवान ने उस अंधेरे कमरे में कदम रखा जिसकी आँखों में पूरी दुनिया को जीत लेने का झूठा घमंड और भीतर का गहरा खालीपन साफ़ झलक रहा था। उसने अपनी भारी आवाज में बुंदेली बोली का पुट देते हुए पूछा "काहे दद्दा तुम अबहू इस खाली घड़े को पकड़े बैठे हो क्या तुम्हें खबर नहीं मिली कि शहर के बड़े ठेकेदार ने आज हमारी इस पूरी बस्ती को उजाड़ने का नया सरकारी फरमान जारी कर दिया है" बूढ़े पिता ने बिना पलक झपकाए उस बर्तन पर अपना काँपता हुआ हाथ रखा और अत्यंत शांत स्वर में बोले "बेटा जब तक इस बूढ़ी माटी के सीने में पानी की उस आखिरी बूंद की तड़प बची है जो तेरी माँ अपनी छाती से निचोड़कर लाती थी तब तक इस घर की मर्यादा को कोई हमसे जुदा नहीं कर सकता है" झोपड़ी के भीतर की सर्द हवा में सूखे पत्तों की कड़वाहट जैसी ठंडक और एक प्यासे पेट की मर्मस्पर्शी गंध घुली थी जो किसी पुराने रिसते हुए घाव पर तेजाब छिड़कने जैसी असहनीय महसूस हो रही थी। वहाँ कोने में एक पुरानी पीतल की परात रखी थी जिस पर समय की हरी काई ने अपना पक्का डेरा जमा लिया था और उसका किनारा इस तरह चटककर लटक रहा था जैसे किसी मासूम का अटूट भरोसा इस खुदगर्ज दुनिया से हमेशा के लिए उठ गया हो। वह सूट बूट पहने नौजवान वहीं गीली मिट्टी पर बैठ गया और अपने दोनों घुटनों के बीच सिर छुपाकर इस तरह बिलखने लगा मानो पूरी कायनात की बेरुखी अकेले उसकी इस जर्जर काया पर आ गिरी हो और उसकी सफलता ही उसकी सबसे बड़ी दुश्मन बन चुकी हो। उसने सिसकियाँ भरते हुए कहा "दद्दा मेरी सबसे बड़ी पीड़ा यह है कि मैंने इस महानगर में रहकर अरबों रुपये कमाए और बड़े आलीशान होटलों में पानी के बड़े ब्रांड खरीदे पर मेरी हथेलियों का स्पर्श पूरी तरह मर चुका है क्योंकि मुझे अब किसी भी अपने की प्यास बुझाने पर कोई एहसास नहीं होता और मेरी रूह पूरी तरह सूखी बन चुकी है" बुजुर्ग पिता अपनी जगह से उठे और अपनी लाठी का सहारा लेते हुए उसके करीब आए और उसके काँपते हुए सिर पर अपना झुर्रीदार हाथ रख दिया जिसकी छुअन किसी तपती हुई दुपहरिया में बहती ठंडी हवा जैसी सुकून देने वाली थी। उन्होंने बहुत ही करुण स्वर में कहा "काहे रोता है रे बबुआ जो लोग केवल तिजोरी की खनक से अपनी प्यास बुझाते हैं वे तो खुद जीते जी एक जिंदा लाश बन चुके हैं पर तू तो इस मतलबी समाज के उस असली चेहरे का शिकार है जिसे देखकर कुदरत भी अपनी आँखों में आँसू भर लेती है" बाहर पक्की सड़कों पर पानी के बड़े टैंकरों का एक ऐसा अंधा रेला गुजर रहा था जिनके कर्कश हॉर्न की आवाजें किसी भूखे बच्चे के पेट की अंतड़ियों की चीख जैसी डरावनी लग रही थीं जो इस सोए हुए मुल्क की संवेदनहीनता का मर्सिया पढ़ रही थीं। संवादों का यह दार्शनिक और मार्मिक सिलसिला जैसे किसी प्यासे इंसान के सामने बैठकर उसे समंदर की गहराई की बातें सिखाने जैसा तीखा और रूह को भीतर तक हिला देने वाला महसूस हो रहा था। नौजवान ने अपनी सूखी आँखें पोंछते हुए पूछा "दद्दा इस घड़े के ठीक बगल में जो आपने एक पुराने मखमली कपड़े में लपेटकर एक पुराना सूती अंगोछा बरसों से सहेज कर रखा है क्या उसे छूने से मेरे भीतर का यह खालीपन हमेशा के लिए दूर हो सकता है" बुजुर्ग ने उस अंगोछे की तरफ देखा जहाँ एक चींटी सूखी माटी के ऊपर अपना रास्ता बना रही थी जैसे वह भी इस अभागे परिवार के दुखों की पहरेदार बन चुकी हो। उन्होंने अत्यंत व्यंग्यात्मक स्वर में कहा "यह कोई साधारण कपड़ा नहीं है रे लल्ला यह तो तेरी माँ की उस आखिरी ममता की सांस है जिसे मैंने उसकी विदाई के दिन से संभाल कर रखा था ताकि जब मैं इस दुनिया से विदा होऊँ तो भगवान को दिखा सकूँ कि मैंने इस सूखी माटी में भी इंसानियत का रूप जिंदा रखा था और कोई प्यासा यहाँ से खाली हाथ नहीं लौटा था" भाषा की यह सहजता सीधे पाठक के सीने में किसी पैने खंजर की तरह उतर रही थी जहाँ हर एक भौतिक सुख मोमबत्ती की तरह पिघल रहा था और कमरे का सन्नाटा और अधिक गहरा होता जा रहा था। रात का तीसरा पहर शुरू हो चुका था और कड़ाके की ठंड ने पूरे तराई अंचल को अपनी आगोश में ले लिया था पर उस बंद झोपड़ी के भीतर की उमस किसी जलती हुई चिता की आंच जैसी भारी और दमघोंटू लग रही थी। वह नौजवान अचानक खड़ा हुआ और पागलों की तरह उस पुरानी परात को टटोलने के लिए लपका क्योंकि उसका सब्र अब पूरी तरह जवाब दे चुका था और दिमाग में अपने स्पर्श को वापस पाने का एक अजीब सा पागलपन सवार हो गया था। तभी उसकी नजर उस घड़े के ठीक पीछे दीवार पर टंगे एक बहुत बड़े काले फटे हुए टाट के परदे पर पड़ी जिसके पीछे से किसी नन्हे बच्चे के बहुत ही धीमे स्वर में रोने और कुएँ की जगत पर बाल्टी खींचने की बारीक आवाज आ रही थी जो सीधे रूह को कँपा देने के लिए काफी थी। उसने डर से काँपते हुए पूछा "दद्दा इस काले परदे के पीछे कौन छिपा है और उसकी आवाज इतनी जानी पहचानी क्यों लग रही है जैसे मेरी ही रूह भीतर बंद होकर दम तोड़ रही हो और बचपन का वह कुआँ मुझे वापस पुकार रहा हो" बुजुर्ग पिता ने अपनी आँखें बंद कर लीं और उनकी पथराई आँखों से आँसुओं का एक नया सैलाब उमड़ पड़ा जो उनकी सूखी छाती को भिगोने लगा। उन्होंने अत्यंत कातर स्वर में कहा "वहाँ वह अभागे लोग बैठते हैं जिनका सौदा इस दुनिया के बाज़ार में पूरा हो चुका है और अब वे इस मतलबी संसार से अपने नाम के पूरी तरह मिटने का अंतिम इंतजार कर रहे हैं" नौजवान के कदम खुद आगे उस परदे की तरफ बढ़ने लगे और उसका दिल किसी नगाड़े की तरह तीव्र वेग से धड़कने लगा। उसने अपने कांपते हाथों से उस भारी और सड़े हुए परदे को एक तरफ हटा दिया और वहाँ भीतर जो देखा उसे देखकर उसकी आँखें विस्मय से पूरी तरह फैल गईं और उसके मुंह से एक चीख भी न निकल सकी। परदे के पीछे कोई मृत शरीर नहीं था और न ही कोई भूतिया साया बल्कि वहाँ एक बहुत बड़ा शीशे का जार रखा था जिसके भीतर वही नौजवान खुद बंद बैठा था और उसके हाथ में सोने की चमचमाती बोतल थी पर उसके गले पर एक बड़ा सा बोर्ड टंगा था जिस पर लिखा था कि यह इस सदी का सबसे अमीर पर सबसे प्यासा कैदी है। वह जार पूरी तरह से सीलबंद था और उसके भीतर हवा जाने का भी कोई रास्ता नहीं था पर बाहर खड़ा नौजवान अपने ही उस रूप को देखकर पागलों की तरह चिल्लाया "यह क्या तमाशा है दद्दा मैं तो जीवित बाहर खड़ा हूँ फिर इस बंद शीशे के भीतर मेरी ही सूरत का यह बेजान पुतला क्यों बैठा है और यह पानी की बोतल को इस तरह क्यों पकड़े है जैसे इसने सदियों से पानी न पिया हो" उस बुजुर्ग ने अपनी थरथराती आवाज में कहा "मेरे प्यारे बच्चे तुम यहाँ किसी को मरा हुआ मत ढूंढो क्योंकि यहाँ कोई मृत नहीं है बल्कि यह तो तेरी उस मनुष्यता की असली तड़प है जिसे तूने शहर के बड़े बाज़ार में खुद ही नीलाम कर दिया था"कहानी का वह दार्शनिक और रूह को कंपा देने वाला अंत अब सामने था जिसकी कल्पना पाठक ने अपने सबसे बुरे सपने में भी नहीं की होगी और जो आँखों को आंसुओं के समंदर में डुबो देने के लिए काफी था। बुजुर्ग पिता ने नौजवान के सिर पर हाथ रखा और अत्यंत पीड़ादायक स्वर में बोले "बेटा इस मड़ैया में कोई इंसान लाश नहीं बना है बल्कि हकीकत यह है कि बीस साल पहले जब तूने पहला बड़ा कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था तब तूने अपनी आत्मा और अपनों की छुअन को इसी सूखे घड़े में बंद करके चाबी शहर के बैंक में जमा कर दी थी और तू एक जिंदा मशीन बनकर घूम रहा था" नौजवान ने चीखते हुए उस शीशे के जार को तोड़ने का प्रयास किया पर उसकी उंगलियां लोहे की तरह सुन्न थीं और उनमें कोई हरकत नहीं हो रही थी क्योंकि वह खुद उस मशीनी तंत्र का हिस्सा बन चुका था जो केवल कागजों पर विकास लिखता था। बूढ़े पिता आगे बोले "तू जिसे अपनी सबसे बड़ी जीत समझ रहा है वह सिर्फ तेरी उस प्यासी रूह का वो हिस्सा है जो अपनी खोई हुई ममता को ढूंढने इस उजड़ी हुई देहरी पर वापस चला आया था पर अब बाजार के नियम जीत चुके हैं और इंसानियत हार चुकी है" नौजवान अपने पिता के पैरों में गिर गया और उसकी आँखों से बेबसी के आँसू बहने लगे पर वह उस माटी की सोंधी खुशबू को महसूस भी नहीं कर पा रहा था क्योंकि उसके भीतर का मनुष्य बहुत पहले ही कागजी नोटों के ढेर में तब्दील हो चुका था और वह पूरी झोपड़ी हमेशा के लिए एक शांत और पश्चाताप से भरे सन्नाटे की चादर ओढ़कर सो गई।

# समय की हर धड़कन का साक्षी है रेडियो

**पुखराज प्राज , छत्तीसगढ़**

सूचना क्रांति के इस दौर में जब मोबाइल फोन, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने संचार की परिभाषा बदल दी है, तब यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या रेडियो आज भी प्रासंगिक है? उत्तर है हाँ, और शायद पहले से भी अधिक। तकनीक बदल सकती है, माध्यम बदल सकते हैं, लेकिन भरोसेमंद, सुलभ और सर्वसुलभ संचार की आवश्यकता कभी समाप्त नहीं होती। यही कारण है कि रेडियो आज भी करोड़ों लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बना हुआ है।

रेडियो की यात्रा केवल एक तकनीकी आविष्कार की कहानी नहीं, बल्कि मानव समाज को जोड़ने की कहानी है। 1890 के दशक में गुग्लिएल्मो मार्कोनी द्वारा विकसित वायरलेस टेलीग्राफी ने संचार के नए युग की नींव रखी। 24 दिसंबर 1906 को दुनिया के पहले रेडियो प्रसारण ने यह सिद्ध कर दिया कि दूरी अब सूचना के प्रवाह में बाधा नहीं रहेगी। यह वह क्षण था जिसने वैश्विक संचार व्यवस्था को नई दिशा दी। भारत में रेडियो का इतिहास भी उतना ही प्रेरणादायक है। जून 1923 में रेडियो क्लब ऑफ बॉम्बे द्वारा किए गए पहले प्रसारण से शुरू हुई यह यात्रा 23 जुलाई 1927 को इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी के नियमित प्रसारण तक पहुँची। इसके बाद 1930 में सरकार ने प्रसारण व्यवस्था का दायित्व संभाला और 8 जून 1936 को ऑल इंडिया रेडियो की स्थापना हुई। आगे चलकर 1957 में इसे आकाशवाणी के नाम से नई पहचान मिली। यह केवल एक नाम परिवर्तन नहीं था, बल्कि भारतीय भाषाओं, संस्कृति और जनभावनाओं के साथ रेडियो के गहरे जुड़ाव का प्रतीक भी था। यह याद रखना चाहिए कि संचार के साधन हमेशा से मानव सभ्यता के विकास का आधार रहे हैं। कभी संदेश प्रशिक्षित कबूतरों के माध्यम से भेजे जाते थे, कभी संदेशवाहक कठिन रास्तों को पार कर समाचार पहुँचाते थे, तो कहीं ढोल-नगाड़ों और धुएँ के संकेतों से सूचनाएँ दी जाती थीं। विज्ञान की प्रगति ने इन परंपरागत साधनों को आधुनिक तकनीक में बदल दिया, लेकिन उद्देश्य वही रहा, समय पर सही सूचना लोगों तक पहुँचाना। रेडियो ने इस उद्देश्य को सबसे व्यापक रूप में पूरा किया।

भारत जैसे विशाल और विविधताओं वाले देश में रेडियो का महत्व केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है। यह किसानों को मौसम और कृषि संबंधी सलाह देता है, विद्यार्थियों तक शिक्षा पहुँचाता है, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाता है, स्थानीय भाषाओं और लोक संस्कृति को संरक्षण देता है तथा लोकतंत्र को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सीमावर्ती क्षेत्रों, आदिवासी अंचलों और दूर-दराज़ के गाँवों में, जहाँ इंटरनेट और अन्य डिजिटल सुविधाएँ आज भी पूरी तरह उपलब्ध नहीं हैं, वहाँ रेडियो ही सूचना का सबसे भरोसेमंद माध्यम है।

प्राकृतिक आपदाओं और आपात स्थितियों में भी रेडियो की उपयोगिता बार-बार सिद्ध हुई है। जब बिजली, मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवाएँ बाधित हो जाती हैं, तब बैटरी से चलने वाला एक साधारण रेडियो लोगों तक जीवनरक्षक सूचनाएँ पहुँचाने का कार्य करता है। कम संसाधनों में अधिकतम पहुँच, यही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। आज एफएम रेडियो, सामुदायिक रेडियो और डिजिटल रेडियो के रूप में यह माध्यम नए रूपों में विकसित हो रहा है। युवा पीढ़ी पॉडकास्ट और इंटरनेट रेडियो के माध्यम से फिर से ऑडियो सामग्री की ओर आकर्षित हो रही है। यह संकेत है कि माध्यम बदल सकता है, लेकिन सार्थक आवाज़ की आवश्यकता कभी समाप्त नहीं होती।

आज आवश्यकता केवल रेडियो के इतिहास को याद करने की नहीं, बल्कि उसके भविष्य को मजबूत करने की भी है। सामुदायिक रेडियो केंद्रों को प्रोत्साहन, स्थानीय भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रमों का विस्तार, तकनीकी आधुनिकीकरण और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना समय की माँग है। यदि ऐसा किया जाता है, तो रेडियो केवल अतीत की विरासत नहीं रहेगा, बल्कि भविष्य के भारत की सशक्त आवाज़ भी बनेगा। रेडियो ने लगभग एक शताब्दी से अधिक समय में यह सिद्ध किया है कि संचार की वास्तविक शक्ति केवल आधुनिक तकनीक में नहीं, बल्कि विश्वसनीयता, सरलता और जनविश्वास में निहित होती है। यही कारण है कि बदलते समय के बावजूद रेडियो की गूंज आज भी उतनी ही प्रभावशाली है। जब सूचना का शोर बढ़ रहा हो, तब रेडियो जैसी संतुलित और विश्वसनीय आवाज़ का महत्व और भी बढ़ जाता है। यही उसकी सबसे बड़ी प्रासंगिकता और यही उसकी सबसे बड़ी पहचान है ।

संग्राहकों की बदलेगी तस्वीर

# बीजापुर ने रचा नया इतिहास: तेंदूपत्ता नीलामी में टूटा वर्षों का रिकॉर्ड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 22 जुलाई।** नक्सल प्रभावित बीजापुर अब केवल सुरक्षा अभियानों के लिए नहीं, बल्कि अपनी वन संपदा की गुणवत्ता और पारदर्शी व्यवस्था के लिए भी नई पहचान बना रहा है। वर्ष 2026 की तेंदूपत्ता नीलामी में जिले ने वर्षों का सबसे बड़ा रिकॉर्ड कायम करते हुए ऐतिहासिक मूल्य हासिल किया है। रिकॉर्ड दर मिलने से हजारों तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के चेहरे पर खुशी लौट आई है और आने वाले समय में उन्हें बोनस सहित कई योजनाओं का लाभ मिलेगा।

इस उपलब्धि के पीछे शासन की नई तेंदूपत्ता नीति, वन विभाग की सतत निगरानी, गुणवत्तापूर्ण संग्रहण और संग्राहकों की मेहनत को सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है। इस बार व्यापारियों ने भी बीजापुर के तेंदूपत्ता पर खुलकर भरोसा जताया, जिससे नीलामी में रिकॉर्ड प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। जिला यूनियन बीजापुर की 28 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से 45 तेंदूपत्ता लॉटों का विभागीय संग्रहण कराया गया। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर द्वारा आयोजित निविदा में 45 में से 36 लॉटों के लिए निविदाएं प्राप्त हुईं। यह बीजापुर के तेंदूपत्ता की उत्कृष्ट गुणवत्ता और विभागीय प्रबंधन की बड़ी सफलता मानी जा रही है।

### नीलामी में कई लॉटों ने रिकॉर्ड बनाया

चार लॉटों को 10 हजार रुपये प्रति मानक बोरा से अधिक, आठ लॉटों को 9 हजार रुपये से अधिक, चार लॉटों को 8 हजार रुपये से अधिक, दस लॉटों को 7 हजार रुपये से अधिक तथा दस लॉटों को 6 हजार रुपये तक प्रति मानक बोरा की दर प्राप्त हुई। वर्षों बाद मिली इन रिकॉर्ड दरों ने जिले को प्रदेश में नई पहचान दिलाई है।

वन विभाग ने संग्रहण से लेकर उपचारण, भंडारण और नीलामी तक प्रत्येक चरण में गुणवत्ता सुनिश्चित की। यही कारण रहा कि बीजापुर का तेंदूपत्ता बाजार में सबसे अधिक मांग वाला साबित हुआ। इसका सीधा लाभ हजारों संग्राहक परिवारों को मिलेगा। संग्रहण पारिश्रमिक के साथ उन्हें बोनस, बीमा, छात्रवृत्ति और संघ द्वारा संचालित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ मिलेगा। वन विभाग का कहना है कि यह सफलता केवल विभाग की नहीं, बल्कि जंगलों में मेहनत करने वाले प्रत्येक तेंदूपत्ता संग्राहक, प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों और पूरे जिला प्रशासन के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। बीजापुर ने यह साबित कर दिया है कि यदि गुणवत्ता, पारदर्शिता और बेहतर प्रबंधन पर ध्यान दिया जाए तो वन आधारित अर्थव्यवस्था ग्रामीण और आदिवासी परिवारों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है।

## एक नजर

### नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर 22 जुलाई।** जिला परियोजना लाईवलीहूड कॉलेज सोसायटी जिला बीजापुर में जिला प्रशासन एवं आजीविका महाविद्यालय द्वारा पूर्व से विभिन्न व्यवसायों में कार्यरत कुशल व्यक्तियों को औपचारिक मान्यता प्रदान करने के उद्देश्य से रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग आरपीएल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जल वितरण संचालक, टू-व्हीलर रिपेयरिंग, इलेक्ट्रिशियन एवं सोलर पीवी इंस्टॉलर ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण की अवधि 05 दिवस की होगी, जिसमें प्रतिदिन 06 घंटे प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए है जो संबंधित क्षेत्रों में पूर्व से कार्य कर रहे हैं अथवा जिनके पास उक्त ट्रेडों में व्यावहारिक कौशल एवं अनुभव है। प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों का मूल्यांकन कर उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। यह प्रमाण पत्र स्वरोजगार, दुकान/व्यवसाय के विस्तार तथा रोजगार प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। इच्छुक हितग्राही निर्धारित समयावधि में अपना पंजीयन कराकर प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक 9399629552 एवं 6260010268 में संपर्क कर अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से पंजीयन करवा सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है।

### मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 5 अगस्त तक

**जगदलपुर, 22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2026-27 की कक्षा 9 वीं में परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात विभागीय वेबसाइट द्द्ददद्यद्ध14ड्ड.ष्द्ग.ठ्ठद्ब.द्वठ्ठ पर काउन्सलिंग हेतु छात्र-छात्राओं की सूची एवं तिथि प्रदर्शित की गयी है। जिसमें प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु 22 जुलाई से 5 अगस्त 2026 तक काउन्सलिंग की तिथि निर्धारित की गई है, प्रयास आवासीय विद्यालयों में 11 बजे से शाम 04 बजे तक रखा गया है। संबधित छात्र-छात्राओं को उपरोक्त निर्धारित काउन्सलिंग तिथि को अनिवार्य दस्तावेज लेकर काउन्सलिंग स्थल में उपस्थित होना होगा। जिसके तहत कक्षा 08वीं में प्रथम श्रेणी 60 प्रतिशत उत्तीर्ण अंक सूची, प्रधानपाठक या प्राचार्य द्वारा जारी कक्षा 08 वीं में अध्ययनरत होने का सत्यापन प्रमाण पत्र, पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी नक्सल पीडित प्रमाण पत्र, दस रूपए के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अल्पसंख्यक वर्ग अन्तर्गत होने संबंधी नोटरी का सत्यापन प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, विशेष पिछड़ी जनजाति प्रमाण पत्र, विशेष श्रेणी से चयनित विद्यार्थियों को काउन्सलिंग की तिथि को दिव्यांगता, दिव्यांग माता-पिता के बच्चे होने, अनाथ बच्चे होने, विधवा माता के बच्चे होने, परित्यक्ता महिला के बच्चे होने, देश की रक्षा करते हुए या अपने कर्तव्य निवर्हन करते समय पुलिस, अर्द्धसैनिक, सशस्त्र बल या शहीद सैनिक के बच्चे होने का प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

### ग्रामीण पेयजल व्यवस्था की रीढ़ बने 'नल जल मित्र'

**जगदलपुर, 22 जुलाई ।** ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित और नियमित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की पहल से प्रशिक्षित 'नल जल मित्र' अब गांवों में जल प्रदाय योजनाओं और हैंडपंपों के संधारण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। जिले में विभाग द्वारा नल जल मित्रों को लाईवलीहुड कालेज में आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे तकनीकी रूप से दक्ष होकर ग्राम पंचायतों में बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकें। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक तीन प्रशिक्षण बैचों में 90 नल जल मित्रों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये नल जल मित्र अपने-अपने ग्राम पंचायत क्षेत्रों में नल-जल योजनाओं के संचालन, पाइपलाइन की छोटी-मोटी मरम्मत, लीकेज सुधार, मोटर एवं वाल्व की देखरेख तथा हैंडपंपों के नियमित संधारण का कार्य कर रहे हैं।

# माटी से मेरा रिश्ता कल भी था, आज भी है और सदैव बना रहेगा:टंकराम वर्मा





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने अपने खेत में स्वयं धान की रोपाई एवं मताई कर खेती से अपने गहरे जुड़ाव का परिचय दिया। स्वयं कृषक होने के नाते उन्होंने खेत की मिट्टी को अपने हाथों से स्पर्श करते हुए कहा कि खेती उनके लिए केवल आजीविका नहीं, बल्कि आत्मीयता, परंपरा और गर्व का विषय है।

उन्होंने कहा, ÷माटी से मेरा रिश्ता कल भी था, आज भी है और सदैव बना रहेगा। खेत की मिट्टी से जुड़कर अन्न उगाने की प्रक्रिया का हिस्सा बनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि देश के किसानों के खेतों में लहलहाती फसल केवल अन्न नहीं, बल्कि उनके सपनों, अथक परिश्रम और परिवार के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद होती है। किसानों की मेहनत ही देश की समृद्धि का आधार है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार किसानों की समृद्धि, खुशहाली और कृषि विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर किसान हित में कार्य कर रही है।

# कलेक्टोरेट के पास स्थित जर्जर यात्री प्रतीक्षालय की मरम्मत की मांग




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 22 जुलाई ।** जिला मुख्यालय में कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पंचायत के समीप यात्रियों की सुविधा के लिए निर्मित यात्री प्रतीक्षालय आज रख-रखाव के अभाव में जर्जर हो चुका है। हालत यह है कि जहां लोगों को बारिश और तेज धूप से राहत मिलनी चाहिए, वहीं अब उन्हें खुले आसमान के नीचे बस का इंतजार करना पड़ रहा है। इस प्रतीक्षालय में लोग बस और अन्य वाहनों का इंतजार करते हैं, लेकिन टूटी-फूटी संरचना और जर्जर छत के कारण अब लोगों की परेशानी का कारण बन गया है। कलेक्टोरेट एवं जिला पंचायत के पास स्थित यात्री प्रतीक्षालय पर किसी भी अधिकारी या संबंधित विभाग ने इसकी सुध लेना अब तक उचित नही समझा। बीजापुर के घनश्याम यादव, राज प्रिंस, शैलेष, संतोष, सुनील ने मांग किया है, कि जिला प्रशासन और संबंधित विभाग तत्काल यात्री प्रतीक्षालय की मरम्मत सुनिश्चित करे, ताकि आम लोगों को यात्री प्रतीक्षालय की सुविधा पुनः मिल सके।

### डीजल टैंकर पलटा, चालक परिचालक सुरक्षित

**कोंडागांव, 22 जुलाई ।** जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र अंर्तगत बेलगांव-आलोर मार्ग पर आज मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे डीजल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क से उतरते हुए खेत में पलट गया। हादसे में चालक और परिचालक सुरक्षित बच गए। मिली जानकारी के अनुसार, टैंकर बड़ेडोंगर की ओर जा रहा था। बेलगांव और आलोर गांव के बीच अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया। चालक ने टैंकर को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन वह सड़क से नीचे उतरकर खेत में पलट गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। टैंकर में डीजल भरा होने के कारण आग लगने या विस्फोट की आशंका बनी रही, एहतियात के तौर पर लोगों को वाहन से दूर रहने की सलाह दी गई। राहत की बात रही कि टैंकर में आग नहीं लगी और बड़ा रिसाव भी नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलने पर संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन को जानकारी दी गई।

### इंटक ने राजकुमार गुप्ता को बीजापुर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया

**बीजापुर, 22 जुलाई ।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) ने राजकुमार गुप्ता को बीजापुर जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं, इंटक पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस संगठन द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### जरूरतमंद मरीज के लिए योग प्रशिक्षकों ने किया रक्तदान

**बीजापुर 22 जुलाई।** जिले के योग प्रशिक्षकों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए एक जरूरतमंद मरीज के लिए स्वैच्छिक रक्तदान किया। जिला अस्पताल में भर्ती मरीज के पैर के ऑपरेशन से पहले तत्काल रक्त की आवश्यकता थी। सूचना मिलने पर योग प्रशिक्षक अस्पताल पहुंचे और रक्तदान कर मरीज का समय पर ऑपरेशन कराने में सहयोग किया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के बैनर तले आयोजित रक्तदान में जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि नरवेद सिंह के मार्गदर्शन में योग प्रशिक्षकों ने भाग लिया।

# शौर्य भवन में चार जिलो के डायल-112 कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 22 जुलाई।** पुलिस मुख्यालय रायपुर के मार्गदर्शन तथा बस्तर जिले के एसपी शलभ सिन्हा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन में डायल-112 (फेज-2 नेक्स्ट जेन) से जुड़े जिला बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 20 एवं 21 जुलाई को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। शौर्य भवन लालबाग बस्तर में आयोजित इस प्रशिक्षण में कुल 150 अधिकारी-कर्मचारियों को आपातकालीन वाहनों में स्थापित आधुनिक उपकरणों के संचालन और कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण में सी-डैक के मास्टर ट्रेनर विकास तिवारी एवं गोविंदा (विजन प्लस) ने प्रतिभागियों को पीएफटी, मोबाइल, पीटीजेड कैमरा, डैश कैमरा सहित अन्य तकनीकी उपकरणों के व्यवहारिक उपयोग का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को बताया गया कि डायल-112 एकीकृत आपातकालीन सेवा है, जिसके माध्यम से पुलिस, एंबुलेंस और अग्निशमन सेवाएं एक ही नंबर पर उपलब्ध कराई जाती हैं। किसी भी आपात स्थिति में नागरिक 112 डायल कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यशाला में घटनास्थल तक शीघ्र पहुंचने, रिस्पांस टाइम कम करने, जीपीएस आधारित लोकेशन ट्रैकिंग तथा आम नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान आपातकालीन वाहनों में लगे पीटीजेड कैमरों एवं अन्य तकनीकी उपकरणों की नियमित जांच, संचालन और रखरखाव संबंधी आवश्यक निर्देश भी दिए गए।प्रशिक्षण में जिला बस्तर से उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संतोष जैन, उप पुलिस अधीक्षक (साइबर) अमित देवांगन, रक्षित निरीक्षक यातायात मधुसूदन नाग, डीसीसी बस्तर से प्रभारी निरीक्षक सूरित सारथी, उप निरीक्षक हंस कुमार ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक (दूरसंचार) मनोज कुमार भोई, सहायक उप निरीक्षक (एम टी) महबूब खान, जिला बीजापुर से उप पुलिस अधीक्षक शरद जायसवाल, डीसीसी प्रभारी उप निरीक्षक विद्याभूषण भारद्वाज, दंतेवाड़ा से डीसीसी प्रभारी उप निरीक्षक किशोर कुमार जोशी, डीसीसी प्रभारी निरीक्षक आशीष वासनिक एवं ईआरवी, थाना, चौकी, रक्षित केंद्र, यातायात शाखा, वाहन शाखा तथा हाईवे पेट्रोलिंग स्टाफ ने भाग लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य डायल-112 से जुड़े कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर आम नागरिकों को अधिक प्रभावी एवं निर्बाध आपातकालीन सेवा उपलब्ध कराना है।

# कांग्रेस ने दिवंगत हरिका की आत्मा के लिए निकाला कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 22 जुलाई ।** बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार में बार-बार हो रहे नीट पेपर लीक व रि-नीट पेपर के परिणामों से आहत होकर व गहरे मानसिक तनाव में आकर बस्तर की दिवंगत सुरला हरिका राव नायडू ने आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठा लिया। इस अत्यंत संवेदनशील और दुखद घड़ी में पुण्यात्मा की शांति के लिए राजीव भवन अग्रसेन चौंक से लेकर शहर के मुख्य चौक चौराहों से होते सिरहासार चौंक स्थित शहीद स्मारक तक कैंडल मार्च निकाला गया। कांग्रेसजनों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर दिवंगत बेटी को श्रद्धांजलि अर्पित की और पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इसके साथ ही इस मार्च के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री की %सद्बुद्धि% के लिए प्रार्थना की गई, ताकि वे अपनी नींद से जागें और देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य को गर्त में धकेलने वाली इस भ्रष्ट व्यवस्था पर तत्काल लगाम लगाएं साथ ही इस देश के केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेकर उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करें।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नीट परीक्षा में हुई व्यापक धांधली लगातार हो रहे पेपर लीक व परीक्षा री-नीट के विवादित परिणामों और परीक्षा में हुई अनियमितताओं से गहरे मानसिक तनाव में आकर बस्तर की दिवंगत बेटी सुरला हरिका राव नायडू ने आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठा लिया। इस अत्यंत दुखद और हृदय विदारक घटना की सीधी जिम्मेदार केंद्र सरकार और उसकी लचर परीक्षा प्रणाली है। इस मामले की प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री और नीट के कर्ताधर्ता को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पिछली बार भी नीट के पेपर लीक मामले में मोदी सरकार ने किसी की जवाबदेही तय नहीं की न ही कोई ठोस कार्यवाही किया था। इससे स्पष्ट है कि पेपर लीक के असल गुनहगारों को भाजपा सरकार का संरक्षण है। उन्होने कहा कि आखिर कब तक युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता रहेगा और कब तक पेपर लीक माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण मिलता रहेगा। जब तक देश के छात्रों को न्याय नहीं मिल जाता ।

## समाचार संक्षेप

### तीन राज्यों की संयुक्त रणनीति से वन अपराधियों पर शिकंजा, इंद्रावती टाइगर रिजर्व में हुई अहम बैठक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 22 जुलाई।** वन्यजीवों के शिकार, लकड़ी तस्करी और अन्य वन अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना के वन विभाग ने संयुक्त रणनीति तैयार की है। सोमवार को इंद्रावती टाइगर रिजर्व, बीजापुर में तीनों राज्यों के वरिष्ठ वन अधिकारियों की अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की गई।यह बैठक वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप की मंशा तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरुण पांडे एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) ओ.पी. यादव के निर्देश पर आयोजित हुई।बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय वन अपराधियों के खिलाफ समन्वित कार्रवाई पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने संयुक्त गश्त (जॉइंट पेट्रोलिंग), एंटी-पोचिंग अभियान, डिजिटल इंटेलिजेंस नेटवर्क विकसित करने और रियल टाइम सूचना साझा करने पर सहमति जताई। निर्णय लिया गया कि तीनों राज्यों का वन अमला सीमावर्ती जंगलों में आपसी समन्वय के साथ अभियान चलाएगा, जिससे वन्यजीवों के अवैध शिकार, लकड़ी तस्करी और अन्य वन अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।इंद्रावती टाइगर रिजर्व, उप संचालक संदीप बलगा ने कहा कि इस संयुक्त पहल से अंतर्राज्यीय सीमाओं का फायदा उठाकर अपराध करने वाले तस्करों और शिकारियों पर प्रभावी शिकंजा कसा जा सकेगा तथा इंद्रावती टाइगर रिजर्व सहित आसपास के संरक्षित वन क्षेत्रों में वन्यजीव संरक्षण को और मजबूती मिलेगी।

### सोनम वांगचुक के समर्थन में एवाईएसयू ने राष्ट्रपति प्रधानमंत्री समेत शीर्ष नेतृत्व को भेजा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 22 जुलाई।** आदिवासी युवा छात्र संगठन (एवाईएसयू) छत्तीसगढ़, बस्तर संभाग ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर आमरण अनशन कर रहे सामाजिक एवं शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक के समर्थन में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन भेजकर उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल करने की अपील की है।संगठन की बस्तर संभाग की बीजापुर इकाई द्वारा भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक को अपनी मांगों को शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से रखने का अधिकार है। ऐसे में सरकार को सोनम वांगचुक के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित कर उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, ताकि उनकी जान की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और आंदोलन का सम्मानजनक समाधान निकाला जा सके।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि बस्तर अंचल के अनेक आदिवासी युवा और छात्र इस आंदोलन के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त कर रहे हैं। हालांकि भौगोलिक दूरी और आर्थिक कारणों से वे दिल्ली नहीं पहुंच पा रहे हैं, लेकिन संगठन नैतिक रूप से आंदोलन के साथ खड़ा है।एवाईएसयू ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार द्वारा समय रहते कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई तो बस्तर संभाग में लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन, मशाल रैली तथा जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संगठन ने स्पष्ट किया कि उसका उद्देश्य किसी प्रकार का तनाव उत्पन्न करना नहीं, बल्कि संविधान सम्मत और शांतिपूर्ण तरीके से जनहित के मुद्दों को सरकार तक पहुंचाना है।संगठन ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री तथा अन्य संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया है कि सोनम वांगचुक की मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर आंदोलन का सम्मानजनक एवं शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### पिंक पेट्रोलिंग टीम ने सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था देखी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 22 जुलाई।** जिलेभर में विभिन्न थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस अधिकारियों एवं पिंक पेट्रोलिंग टीम द्वारा विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया इस अभियान के दौरान थाना खुर्सीपार क्षेत्र अंतर्गत पंडित जवाहरलाल नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (हिंदी माध्यम), स्वामी आत्मानंद विद्यालय श्रीराम चौक में छात्राओं से संवाद स्थापित कर उन्हें महिला हेल्पलाइन 1091, डायल-112, अभिव्यक्ति ऐप एवं महिला सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। छात्राओं को किसी भी प्रकार की समस्या, छेड़छाड़ अथवा संदिग्ध गतिविधि होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही विद्यालय आने-जाने के मार्गों पर घूमने वाले संदिग्ध एवं असामाजिक तत्वों के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की गई। थाना सुपेला क्षेत्र में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुपेला एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुपेला में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। इसी तरह से थाना पुलगांव क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, थाना भिलाई नगर क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल (कैंप-2), केपीएस स्कूल, स्वामी आत्मानंद स्कूल, बरोडा टैंक स्कूल, शास्त्री कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, भिलाई भट्ठी पार्क एवं डीएवी पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न स्थानों पर पिंक पेट्रोलिंग कर छात्राओं, अभिभावकों एवं आम नागरिकों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव एवं पुलिस सहायता सेवाओं के संबंध में जागरूक किया गया।

### हेलमेट चालान से बचने के लिए नहीं जिंदगी बचाने के लिए पहनें: पुलिस

**नारायणपुर, 22 जुलाई ।** जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से नारायणपुर पुलिस ने जिलेवासियों से हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। पुलिस ने कहा है कि हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि दुर्घटना के दौरान जीवन बचाने के लिए जरूरी है। पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों से वाहन चलाते समय आईएसआई प्रमाणित हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने की अपील की है।पुलिस के अनुसार सही हेलमेट सड़क दुर्घटना के दौरान सिर में गंभीर चोट लगने के खतरे को कम करता है। इसके साथ ही हेलमेट धूल, धुएं और प्रदूषण से भी सुरक्षा प्रदान करता है।

**एक नजर**

### चिरायु टीम की तत्परता से तीन माह के मासूम को मिली नई मुस्कान



**रायगढ़, 22 जुलाई।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के अंतर्गत जन्मजात विकारों से पीड़ित बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सा उपलब्ध कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रभावी कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड पुसौर के ग्राम कंवरिहा में चिरायु टीम की सतर्कता और त्वरित पहल से तीन माह के एक शिशु का सफल उपचार संभव हो सका।

ग्राम कंवरिहा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिरायु टीम ए ने तीन माह के शिशु गौरांश सिदार का परीक्षण किया। जांच में शिशु के जन्मजात क्लेफ्ट लिप (कटे होंठ) से पीड़ित होने की पहचान हुई। समस्या की गंभीरता को देखते हुए टीम प्रभारी डॉ. रेनुका नायक, फार्मासिस्ट त्रिदेव राज, एएनएम निन्नी जांगड़े एवं लैब टेक्नीशियन प्रिया माझी ने तत्काल उच्च उपचार के लिए रेफर करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद नायक तथा खंड कार्यक्रम प्रबंधक नवीन शर्मा के समन्वय से शिशु का रायपुर स्थित कालड़ा हॉस्पिटल में निःशुल्क सफल ऑपरेशन कराया गया। उपचार के बाद अब शिशु पूरी तरह स्वस्थ है और बिना किसी कठिनाई के सामान्य रूप से स्तनपान कर रहा है। शिशु के परिजनों ने समय पर बीमारी की पहचान, उचित परामर्श एवं निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने के लिए चिरायु टीम और स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

### बैग को काटकर सोने की चेन चोरी

**भिलाई, 22 जुलाई।** भिलाई जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के ऑटो में बैठी महिला के बैग को फाड़ कर अज्ञात आरोपी ने बैग में रखे सोने की चेन की चोरी कर ली शिकायत पर जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच पर लिया है जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने बताया की प्रार्थी फूलचंद साहू बीएसपी से रिटायर्ड है अपनी पत्नी बुत कुंवर साहू के साथ दुर्ग कचहरी चौक से ऑटो में बैठकर अपने घर ग्राम जेवरा आ रहा था। एफसीआई गोदाम के पहले ओवरब्रिज के पास तीन महिलाएं ऑटो में बैठी और भटगांव जाने की बात कही थी उसके बाद एफसीआई गोदाम के सामने प्रार्थी ऑटो को रुकवा कर फल लेने चला गया था फल लेकर वापस ऑटो में बैठा इस समय तेज बारिश भी हो रही थी जिसके कारण ऑटो चालक ने ऑटो के पर्दा को बंद कर दिया था इस के बाद ऑटो में अंधेरा हो गया था उसकी पत्नी बैग को अपने पैर के पास रखी थी और वहां पर बैठी एक महिला ने अपने बैग को मेरी पत्नी के पास रख दी थी इस पर प्रार्थी की पत्नी बुत कुंवर ने कहा कि मेरे पैर के पास क्यों बैग रख रही हो तब उसे महिला ने कोई जवाब नहीं दिया था कुछ देर बाद प्रार्थी की पत्नी बोली कि बैग फट गया है, इस पर प्रार्थी ने कहा कि अभी रख दे उतरते समय देख लेंगे दोनों जेवरा दोपहर में 1-30 बजे पहुंचे और ऑटो से उतरकर बैग को देखा। इस दौरान ऑटो वाला आगे चला गया था बैग दो जगह से फटा हुआ था और उस बैग में पत्नी की पुरानी इस्तेमाली सोने की चैन जिसकी कीमत लगभग 40,000 थी को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया था शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## बारिश में जिला प्रशासन और नगर निगम की टीमें अलर्ट
# कलेक्टर ने शहर के संभावित जल भराव क्षेत्रों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 22 जुलाई।** लगातार हो रही बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम रायगढ़ की टीमें पूरी तरह सतर्क हैं। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने स्वयं शहर के विभिन्न बाढ़ एवं जल भराव संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। बारिश के बीच कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सर्वप्रथम पंचधारी एनीकट का निरीक्षण किया। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से जलस्तर एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक सावधानी बरतने के निर्देश दिए।

इसके बाद कलेक्टर ने नदी किनारे के दोनों छोरों का निरीक्षण करते हुए जल भराव की संभावनाओं वाले क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने बड़े रामपुर क्षेत्र सहित निचली बस्ती बालसमुंद तालाब क्षेत्र एवं मोदी नगर पहुंचकर जल निकासी व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लगातार हो रही बारिश और आगामी दिनों में बारिश की संभावना को देखते हुए सभी संवेदनशील क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखी जाए। नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ सक्रिय रहकर कार्य करें। सभी टीमें पूरी सतर्कता के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में मौजूद रहें और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि मानसून के दौरान जल भराव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए शहर को चार जोन में विभाजित कर विशेष निगरानी व्यवस्था की गई है। इसमें जिंदल पतरापाली क्षेत्र को प्रथम जोन, मुख्य शहर क्षेत्र को द्वितीय जोन, जूटमिल क्षेत्र को तृतीय जोन तथा चक्रधर नगर चौक क्षेत्र को चतुर्थ जोन में शामिल किया गया है। प्रत्येक जोन की जिम्मेदारी संबंधित इंजीनियर एवं कार्यपालन अभियंताओं को सौंपी गई है। बारिश शुरू होने के साथ ही निगम की टीमें सभी क्षेत्रों में सक्रिय हैं। प्रत्येक जोन में तकनीकी विभाग के वरिष्ठ इंजीनियर, राजस्व विभाग के वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक एवं सफाई दरोगा सहित मैदानी अमला तैनात है, जो लगातार क्षेत्रों का निरीक्षण कर जल निकासी व्यवस्था की निगरानी कर रहा है। प्रशासन की सक्रियता और बेहतर समन्वय के कारण अब तक शहर में कहीं भी गंभीर जल भराव की स्थिति निर्मित नहीं हुई है। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने विभागों को सौंपी अहम जिम्मेदारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 22 जुलाई।** स्वतंत्रता दिवस समारोह 2026 को गरिमामय, भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी विभागों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा निर्धारित समय-सीमा में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव का पर्व है, इसलिए समारोह की प्रत्येक व्यवस्था समयबद्ध, सुव्यवस्थित और उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए।

उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समारोह को यादगार बनाने के निर्देश दिए। 15 अगस्त 2026 का मुख्य जिला स्तरीय समारोह शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ में आयोजित किया जाएगा। सभी कार्यालय प्रमुख अपने-अपने कार्यालयों में प्रातः 7.30 बजे राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे तथा इसके बाद सुबह 8 बजे कलेक्टोरेट परिसर एवं 8.30 बजे मुख्य समारोह स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। 13 अगस्त 2026 को प्रातः 8.30 बजे अंतिम रिहर्सल आयोजित होगी। वहीं यदि किसी विभाग द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरण के लिए नाम प्रस्तावित किए जाने हैं तो उसका प्रस्ताव 5 अगस्त 2026 तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पुलिस विभाग को समारोह स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, पार्किंग एवं वीआईपी सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई। नगर निगम को समारोह स्थल की साफ-सफाई, शौचालय, 500 कुर्सियों की व्यवस्था तथा आमंत्रण पत्रों के वितरण में सहयोग करने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग को मंच, बैरिकेडिंग, पार्किंग, रंगाई-पुताई, वीआईपी पंडाल, जल निकासी एवं आवश्यक निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को समारोह के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति, साउंड सिस्टम के लिए अलग विद्युत व्यवस्था तथा बरसात की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पर्याप्त पेयजल एवं पानी के टैंकर उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। स्वास्थ्य विभाग को समारोह स्थल पर चिकित्सकीय दल, एम्बुलेंस एवं आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उद्यान विभाग को मंच एवं परिसर की आकर्षक सजावट तथा पुष्प व्यवस्था करने को कहा गया। खाद्य विभाग को प्रतिभागी बच्चों के लिए जलपान एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गई।

## कार्यशाला में योजनाओं के शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण पर विशेष जोर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 22 जुलाई।** राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशों तथा कलेक्टर के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले में सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन प्रारंभ हो गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे ने जिला पंचायत सभाकक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों एवं विभिन्न विभागों के जिला एवं मैदानी अधिकारियों की प्रशिक्षण सह कार्यशाला लेकर अभियान के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली एवं आगामी कार्ययोजना का विस्तार से जानकारी दी। अभियान के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री महेश पटेल को जिला स्तरीय सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर आज की सम्पूर्ण कार्यशाला की जिम्मेदारी दी थी।

प्रशिक्षण सह कार्यशाला में सरपंच, उपसरपंच, पंच, पंचायत सचिव, पटवारी, प्रधान पाठक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला पर्यवेक्षक, मितानिन, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, तकनीकी सहायक, किसान मित्र, हैंडपंप मैकेनिक, व्हीएलई, राशन दुकान संचालक, ग्राम संगठन के पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के मैदानी अमले को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे ने बताया कि सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी लाभ पहुंचाना है। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी ग्रामों में शासन की 31 व्यक्तिमूलक योजनाओं का सघन सर्वेक्षण एवं संतृप्तिकरण किया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं मैदानी कर्मचारियों से समन्वित रूप से कार्य करते हुए अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।सीईओ श्री पठारे ने कहा कि अभियान केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पात्र हितग्राहियों की पहचान, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान के माध्यम से शासन के प्रति आम नागरिकों का विश्वास और अधिक मजबूत होगा ।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में लेटरल एंट्री से प्रवेश के लिए 27 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 22 जुलाई।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छोटेमुड़पार (खरसिया), संचालित स्थान आदिवासी बालक आश्रम चोढ़ा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं (विज्ञान) की रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत कर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 22 रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इनमें कक्षा 7वीं में 1 सीट, 8वीं में 2 सीट, 9वीं में 1 सीट तथा 11वीं (विज्ञान) में 18 सीटें उपलब्ध हैं। रिक्त सीटों की संख्या आवश्यकतानुसार परिवर्तित हो सकती है। इच्छुक अभिभावक एवं विद्यार्थी 27 जुलाई 2026 शाम 5 बजे तक कार्यालय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छोटेमुड़पार, खरसिया, जिला रायगढ़ में आवेदन जमा कर सकते हैं।

# नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का माहेश्वरी ने किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के भाटापारा आगमन पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील माहेश्वरी के भाटापारा स्थित निवास कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं, बाजा, मंत्रोच्चार एवं पुष्पगुच्छों से उनका अभिनंदन करते हुए जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो हर परिस्थिति में जनता के बीच रहकर उनके सुख-दुख के साथी बनते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संगठन को गांव-गांव और बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। प्रत्येक कार्यकर्ता को जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना होगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदैव किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और समाज के हर वर्ग के हितों की लड़ाई लड़ती रही है। आज आवश्यकता है कि सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, अनुशासन और एकजुटता के साथ संगठन को मजबूत करें तथा जनता के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनहित से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस मजबूती से आवाज उठाती रहेगी और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करेगी।डॉ. महंत ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आपसी समन्वय और संगठनात्मक एकता बनाए रखते हुए प्रत्येक बूथ पर कांग्रेस को सशक्त बनाने का संकल्प लें तथा जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहकर पार्टी की विचारधारा और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील माहेश्वरी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत का भाटापारा आगमन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा लेकर आया है। उनके मार्गदर्शन से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। हम सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने तथा जनता की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दिनेश यदु, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, अभिनव यदु, अमर मंडावी, सिमगा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया, किसान नेता कुबेर यदु, , लक्ष्मी पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष अजय ठाकुर, गोपाल साहू, आबिद खान, सुंदर साहू, विवेक अग्रवाल, अशोक तिवारी, राजा तिवारी, मनमोहन कुर्रे, त्रिलोक सलूजा, अयूब बांठिया,पुनीत दास मानिकपुरी, ओमप्रकाश यदु, नरेश चौबे, प्रमेंद्र तिवारी, सत्यनारायण जोशी, गेंदू साव, चंद्रकांत खूंटे, प्रमिला साहू, गोपाल शर्मा, भुनेश्वर शर्मा, कांग्रेस कार्यकर्ता सहित युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### किसानों को उद्यानिकी फसलों का बीमा 31 जुलाई तक कराने की अपील

**महासमुंद, 22 जुलाई ।** खरीफ मौसम वर्ष 2026-27 के अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की अधिसूचना छत्तीसगढ़ में लागू कर दी गई है। इसके तहत महासमुंद जिले के उद्यानिकी फसल उत्पादक किसानों से 31 जुलाई 2026 तक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कराने की अपील की गई है।सहायक संचालक उद्यान श्री पायल साव ने बताया कि योजना के अंतर्गत टमाटर, बैंगन, अमरूद, केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक जैसी अधिसूचित उद्यानिकी फसलों का बीमा कराया जा सकता है। जिले के इच्छुक ऋणी एवं अऋणी किसान निर्धारित अंतिम तिथि तक अपने निकटतम सहकारी बैंक, वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) अथवा बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से फसल बीमा करा सकते हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 22 जुलाई ।** स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय रायगढ़ के सभाकक्ष में जीवनदीप समिति एवं जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला चिकित्सालय, 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल तथा जिले में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला चिकित्सालय एवं 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। इस दौरान ओपीडी, आईपीडी, सामान्य एवं सिजेरियन प्रसव, प्रमुख एवं लघु शल्यक्रिया, मेडिकल लीगल प्रकरण, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, एक्स-रे, सीटी स्कैन, दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, आईसीयू, एनआरसी, डायलिसिस एवं टीकाकरण सहित विभिन्न सेवाओं की प्रगति का जायजा लिया गया। इसके साथ ही ई-हॉस्पिटल मॉड्यूल, एबीएचए लिंकिंग, आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन एवं ब्रेन हेल्थ क्लिनिक के संचालन की भी समीक्षा की गई।जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा के दौरान मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, चिरायु कार्यक्रम, राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधत्व एवं दृष्टिदोष नियंत्रण कार्यक्रम, एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम, गैर संचारी रोग (एनसीडी) के अंतर्गत उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की स्क्रीनिंग, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में टेली-कंसल्टेशन, आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन तथा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की प्रगति की समीक्षा की गई।कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी, शत-प्रतिशत टीकाकरण, टीबी एवं कुष्ठ रोगियों की समय पर पहचान एवं उपचार, सिकल सेल स्क्रीनिंग में तेजी तथा उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वास्थ्य कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति होनी चाहिए। कलेक्टर ने एबीएचए, आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन, ई-हॉस्पिटल प्रणाली एवं टेली-कंसल्टेशन जैसी डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के अधिकतम उपयोग के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों (एनक्यूएएस) का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने तथा मरीजों को बेहतर, पारदर्शी एवं सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

## जनसेवा, संगठन और सिद्धांतों की राजनीति के पर्याय रहे याकूब भाई, आज भी कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत
# याकूब भाई जालियावाला को भावभीनी श्रद्धांजलि



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 22 जुलाई।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व क्रिकेटर स्वर्गीय हाजी याकूब भाई जालियावाला की पुण्यतिथि पर भाटापारा में श्रद्धा, सम्मान के साथ उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा के पश्चात जरूरतमंदों एवं आमजन के लिए भोजन वितरण का आयोजन किया गया। यह सेवा कार्य पिछले दस वर्षों से निरंतर किया जा रहा है, जिसे याकूब भाई के सेवा और मानवता के आदर्शों को समर्पित बताया गया।

श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि याकूब भाई का संपूर्ण जीवन जनसेवा, संगठन और समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा। छात्र जीवन से ही उन्होंने जनहित का मार्ग अपनाया और जीवन के अंतिम क्षण तक कांग्रेस संगठन को अपना परिवार मानते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य किया। उनका स्पष्ट विश्वास था कि व्यक्ति से बड़ा संगठन होता है और मजबूत संगठन ही कार्यकर्ताओं को सम्मान दिलाता है। याकूब भाई को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वे केवल एक राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के संरक्षक, मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत थे। इस अवसर पर शादाब जालियावाला, विधायक प्रतिनिधि ( लक्ष्मी कॉलेज), भाटापारा ने अपने दादा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं उनके आदर्शों और विरासत का हिस्सा हूं। दादा जी ने जो सिद्धांत और जनसेवा का मार्ग दिखाया, उसी पर चलने का प्रयास कर रहा हूं। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव, सुशील शर्मा, गौरी भृगु, पार्षद चंद्रशेखर चक्रधारी, लक्ष्मी पांडे, सचिन शर्मा, अय्यूब बांठिया, विजय महिलांग, अल्ताफ़ ख़ान, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा केशरवानी, तरुण टंडन एवं सुल्तान ख़ान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सामाजिकजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## लैलूंगा के पाकरगांव के जवांफूल चावल की खुशबू पहुंच रही मुख्यमंत्री निवास तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 22 जुलाई।** लैलूंगा विकासखंड का पाकरगांव सुगंधित जवांफूल धान की खेती के लिए अपनी अलग पहचान बना रहा है। यहां के किसान वर्षों पुरानी पारंपरिक धान प्रजाति को संरक्षित करते हुए गुणवत्तापूर्ण उत्पादन ले रहे हैं। पाकरगांव में उत्पादित जवांफूल चावल की मांग लगातार बढ़ रही है और इसकी खुशबू अब मुख्यमंत्री निवास तक पहुंच रही है। किसानों की मेहनत, अनुभव और बेहतर कृषि प्रबंधन से क्षेत्र में खेती की नई संभावनाएं विकसित हो रही हैं।

ग्राम पाकर के कृषक निर्भय राम नायक, सेवक राम नायक, बूंद राम नायक, प्रदीप नायक और गणेश राम नायक द्वारा सामूहिक रूप से लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में जवांफूल धान की खेती की जा रही है। किसान कई वर्षों से इस पारंपरिक एवं सुगंधित धान प्रजाति की खेती कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि जवांफूल धान की गुणवत्ता, स्वाद और बाजार में बढ़ती मांग के कारण यह सामान्य धान की तुलना में अधिक लाभ देने वाली फसल साबित हो रही है।

किसानों ने बताया कि जवांफूल चावल की मांग स्थानीय स्तर के साथ-साथ बड़े शहरों में भी है। यहां उत्पादित चावल रायपुर, दिल्ली और कई बड़े शहरों तक पहुंच रहा है। किसानों ने बताया कि उनके खेतों में तैयार जवांफूल चावल मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निवास तक भी भेजा जाता है, जो पाकरगांव के किसानों के लिए गौरव का विषय है। वर्तमान में किसान जवांफूल चावल का विक्रय लगभग 175 से 180 रुपये प्रति किलो की दर से कर रहे हैं। उपभोक्ता सीधे किसानों से भी चावल खरीदने पहुंच रहे हैं। किसानों के अनुसार, बेहतर गुणवत्ता और शुद्ध उत्पादन के कारण इसकी बाजार में मांग लगातार बढ़ रही है।

किसानों ने बताया कि जवांफूल धान की खेती में विशेष देखभाल और प्रबंधन की आवश्यकता होती है। केवल धान लगाने से बेहतर उत्पादन संभव नहीं है, बल्कि समय पर कृषि कार्य, शुद्ध बीज का चयन और गुणवत्ता बनाए रखना जरूरी है। किसानों के अनुसार, जवांफूल धान से लगभग 12 से 15 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन प्राप्त होता है। मिलिंग के बाद लगभग 60 प्रतिशत तक चावल प्राप्त होता है। लैलूंगा क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी सुगंधित जवांफूल धान के लिए अनुकूल है।

### जिले में अब तक 353.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़, 22 जुलाई/ रायगढ़ जिले में 21 जुलाई तक 353.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 53.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 511.5 मिली मीटर, पुसौर में 368.9, खरसिया में 312.4, घरघोड़ा में 203.9, तमनार में 485.7, लैलूंगा में 324.6, मुकडेगा में 262.1, धरमजयगढ़ में 214.8, छाल में 319 एवं कापू में 530 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## एक नजर

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु काउंसलिंग 22 जुलाई से 5 अगस्त तक

**राजनांदगांव 22 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत सत्र 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आयोजित चयन परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद काउंसलिंग के लिए विद्यार्थियों की सूची एवं तिथि जारी की गई है। जिसके अनुसार 22 जुलाई से 5 अगस्त 2026 तक सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक काउसलिंग सूची में दर्शित आबंटित प्रयास आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की काउंसलिंग की जाएगी। प्रकाशित सूची का अवलोकन वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in/ पर किया जा सकता है। विद्यार्थियों को काउंसलिंग के लिए निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर सभी अनिवार्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने कहा गया है। विद्यार्थियों को कक्षा 8वीं में प्रथम श्रेणी (60 प्रतिशत) उत्तीर्ण अंक सूची, प्रधानपाठक या प्राचार्य द्वारा जारी (कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत होने का) सत्यापन प्रमाण पत्र, पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी नक्सल पीड़ित प्रमाण पत्र, 10 रूपए के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अल्पसंख्यक वर्ग अन्तर्गत होने संबंधी नोटरी का सत्यापन प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, विशेष पिछड़ी जनजाति प्रमाण पत्र एवं विशेष श्रेणी से चयनित विद्यार्थियों को कांउसलिंग की तिथि को दिव्यांगता, दिव्यांग माता-पिता के बच्चे होने, अनाथ बच्चे होने, विधवा माता के बच्चे होने, परित्यक्ता महिला के बच्चे होने, देश की रक्षा करते हुए या अपने कर्तव्य निर्वहन करते समय पुलिस, अर्द्धसैनिक, सशस्त्र बल, शहीद सैनिक के बच्चे होने का प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। काउंसलिंग पश्चात संबंधित प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश की पात्रता होने पर 3 दिवस के भीतर अनिवार्यतः जिला शिक्षा अधिकारी से काउन्टर हस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### आयुक्त ने वार्डो में जाकर साफसफाई का लिया जायजा

**राजनांदगांव 22 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** साफसफाई में गुणात्तम सुधार लाने नगर निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम प्रतिदिन सुबह वार्डो में जाकर जायजा लेकर वार्डवासियो से फिटबेक ले रहे है। आज उनके द्वारा शीतला मंदिर वार्ड में साफसफाई का निरीक्षण कर सफाई कर्मियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वही वृक्षारोपण के लिए स्टेट स्कूल उद्यान का निरीक्षण किये। शीतला मंदिर रोड में आयुक्त श्री मरकाम ने साफसफाई का आज सुबह जायजा लिया। शीतला मंदिर के पास भगवान शंकर की प्रतिमा के पीछे एवं बुढा तालाब के किनारे के कचरा की सफाई करा कहा कि तालाब के किनारे की अच्छे से सफाई कर झिल्ली पन्नी उठाए, तालाब के आस पास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा गुप्त नवरात्रि के अष्टमी की हवन पूजन को ध्यान में रखकर मंदिर परिसर की समुचित सफाई की जावे। उन्होंने कहा कि मंदिर के आस पास पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए तथा पानी भरान पर कच्ची नाली खोद कर निकासी करावे। क्षेत्र के स्वास्थ्य अमला को बुढासागर में कचरा व मलमा डालते पाये जाने पर संबंधित से जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिको से भी अपील करते हुए कहा है कि तालाब में कचरा व मलमा न डाले, तालाब हमारी धरोहर है, इसको स्वच्छ एवं साफ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। निरीक्षण की कडी में आयुक्त ने तहसील कार्यालय रोड में साफसफाई देख रोड एवं मोती तालाब के किनारे सफाई कर कचरा उठाने कहा। उन्होंने स्टेट स्कूल के उद्यान का जायजा लेकर उद्यान की साफ सफाई कर कटीली झाडिया काटने के निर्देश दिए, साथ ही उद्यान में वृक्षारोपण करने आवश्यक तैयारी करने संबंधित को निर्देशित किए। उन्होंने कहा कि इस बारिश के मौसम में लगभग 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए स्थल चयन सहित अन्य प्रक्रिया की जा रही है। जिसमे स्टेट स्कूल उद्यान को भी वृक्षारोपण में प्राथमिकता दी जायेगी। निरीक्षण के दौरान प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी गोस्वामी सहित स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहा।

### बिहान की दीदियों ने बदली तकदीर, ईंट निर्माण से बनीं आत्मनिर्भर

**रायपुर, 22 जुलाई।** सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के दूरस्थ वनांचल ग्राम जीरमपाल की महिलाओं ने मेहनत, एकजुटता और सरकारी सहयोग से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम की है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत गठित बम्लेश्वर स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने ईंट निर्माण का कार्य शुरू कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत बनाई है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी शिबहानश् योजना के तहत समूह को समय पर वित्तीय और तकनीकी सहायता मिली। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और महिलाओं की मेहनत से यह पहल सफल हुई। आज यह समूह ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार का प्रेरणादायी उदाहरण बन गया है। समूह की 10 महिलाओं ने मिलकर पिछले एक वर्ष में 5,500 ईंटों का निर्माण और विक्रय किया। इससे उन्हें 1 लाख 32 हजार रुपये की आय हुई। इस आय ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया और परिवार की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समूह की सदस्य आसमती बताती हैं कि पहले छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। आज वे अपनी आय से बच्चों की पढ़ाई, कपड़े और घर की अन्य जरूरतें पूरी कर रही हैं। अब परिवार के निर्णयों में भी उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी है। आत्मनिर्भर बनने से उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। बम्लेश्वर स्व-सहायता समूह की सफलता से जीरमपाल और आसपास के गांवों की अन्य महिलाएं भी स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित हो रही हैं। यह पहल नक्सल प्रभावित और दूरस्थ क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण तथा ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने का सफल उदाहरण बनकर उभरी है।

## सीएम हेल्पलाइन,निदान की शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करें:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 22 जुलाई।** निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने आज अपने कक्ष में निगम के प्रमुख अधिकारियो व कर्मचारियो की बैठक लेकर सीएम हेल्प लाईन व निदान 1100 में प्राप्त शिकायतो का गंभीरता से निराकरण करने तथा नागरिको की समस्या व उनको दी जाने वाली सुविधा संबंधी प्रकरणो का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।



आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी विभागीय कार्य ई-आफिस के माध्यम से संपादित करना सुनिश्चित करे, इसके अलावा सुशासन तिहार में प्राप्त शेष आवेदनो का अतिशीघ्र निराकरण करने तथा सीएम हेल्प लाईन, निदान 1100 एवं प्रधानमंत्री कार्यालय से प्राप्त शिकायत व आवेदन के संबंध में विभाग वार चर्चा कर प्राथमिकता से यथा संभव शीघ्र निराकरण करने कहा। इसी प्रकार हाईकोर्ट के लंबित प्रकरणो में जवाबदावा एवं अन्य कार्यवाही निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने वर्षा ऋतु में जल जनित बीमारी से बचाव के लिए वार्ड में स्थल चयन कर रोकथाम हेतु प्रभवी कार्यवाही करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि शहर में समुचित साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने नागरिको को स्वच्छ एवं साफ पेयजल उपलब्ध कराने फिटकरी व अन्य आवश्यक समाग्री का पर्याप्त भण्डारण रखने, टंकियो की सफाई करने के निर्देश जल प्रभारी को दिए। पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत सोलर पेनल लगाने, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग लगाने लोगो के बीच जाकर जागरूक करने कहा। इसी प्रकार पीएम स्वनिधि योजना का लाभ लेने छोटे व्यवसायियो को ऑनलाईन आवेदन करने प्रेरित करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि कलेक्टर महोदय द्वारा निकाय क्षेत्र में आवासहिन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार प्रदान करने दल गठित किया गया है, गठित दल के अधिकारी कर्मचारी उक्त कार्य को प्राथमिकता देकर क्रियान्वयन करेगे। उन्होंने 2000 सीटर आडिटोरियम के लिए भूमि आबंटन संबंधी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने नजूल विभाग से सम्पर्क करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए। इसी प्रकार सीबीजी प्लांट के लिए आ रही आपत्ति के निराकरण हेतु सरपंच व ग्रामवासियो से सम्पर्क कर अन्य स्थानों में स्थित प्लांट का निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने कहा कि निगम सीमाक्षेत्र के आंगनबाडियो का महिला एंव बाल विकास विभाग से सम्पर्क कर सूची लेकर माडल आंगनबाडी के रूप में परिवर्तित करने स्थल निरीक्षण के संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किए। आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि आवासहीन तथा कच्चे मकान में निवासरत परिवारो के लिए शासन की जन कल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन में कोताही न बरते, स्वयं के आवास का निर्माण करने वाले हितग्राहियो से सम्पर्क कर आवास निर्माण में तेजी लाने समझाईस दे, उन्हे चरणबद्ध भुगतान हेतु प्रक्रिया करे। इसी प्रकार आवासहीन परिवारो को आवास देने समझाईस देवे कि आज के इस महंगाई के जमाने में कम लागत में पक्का आवास मिल रहा है, इसमे रूचि ले और प्रक्रिया कर राशि भुगतान कर स्वयं के आवास का सपना सकार करे। आयुक्त श्री मरकाम ने राजस्व अधिकारी से कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर राजस्व वसूली करावे, इसके लिए डिमाण्ड दुरूस्त कर करदाताओ को डिमाण्ड देकर उसके अनुरूप वसूली करावे। इसी प्रकार दुकान किराया भी प्रतिमाह वसूली करना सुनिश्चित करे।

# कलेक्टर ने बैठक में विकास कार्यों,प्राथमिकता वाली योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की

- जांच में लापरवाही पर सर्जन के खिलाफ एफआईआर कराने के दिए निर्देश
- जिला चिकित्सालय में जांच में लापरवाही पर कलेक्टर के निर्देश पर कराई गई एफआईआर
- शासकीय योजनाओं में तेजी लाने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 22 जुलाई।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर के निर्देश पर सिविल सर्जन द्वारा जिला चिकित्सालय में एक मरीज की जांच में लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई। उन्होंने बारिश के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की उपलब्धता तथा आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, जन शिकायत, पीजीएन, पीजी पोर्टल, जनदर्शन, सुशासन तिहार तथा अन्य लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने तथा ऑनलाइन मॉनिटरिंग लगातार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आधार सत्यापन का कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के लिए भी कहा।

कलेक्टर ने खरीफसीजन के दौरान खाद-बीज की उपलब्धता, वितरण एवं भंडारण की समीक्षा की। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि इस वर्ष किसानों ने डीएपी की अपेक्षा एनपीके उर्वरक को अधिक प्राथमिकता देते हुए उठाव किया है, जिससे किसानों में संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने किसानों के एग्रीस्टैक पंजीयन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने शेष किसानों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टैक पंजीयन के माध्यम से किसानों को विशिष्ट किसान आईडी प्राप्त होती है, जिससे कृषि विभाग की विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ सरलता से उपलब्ध हो सकेगा। जिले में अब तक 1 लाख 47 हजार 36 किसानों का एग्रीस्टैक पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर ने जिले में संचालित एचपीवी टीकाकरण अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को अभिभावकों एवं किशोरी बालिकाओं के बीच वैक्सीन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यह टीका अत्यंत प्रभावी है। जिले में अब तक 6 हजार 508 किशोरी बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण किया जा चुका है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को स्कूलवार रोस्टर बनाकर अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने तथा पात्र हितग्राहियों को योजना से जोडने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह योजना आम नागरिकों के बिजली व्यय को कम करने के साथ उन्हें ऊर्जा उत्पादक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। जिले में अब तक 4 हजार 164 हितग्राहियों के यहां सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए शहरी क्षेत्र के अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोडने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें योजना का लाभ दिलाया जाए। जिले में अब तक 4 हजार 647 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण वितरित किया जा चुका है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेमप्रकाश शर्मा सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## देश में युवाओं की आवाज बदलाव की शुरुआत: लोकनाथभारती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 22 जुलाई।** ज़िला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के पूर्व मंत्री लोकनाथ भारती ने कहा कि छात्रों की गूंज सिर्फ एक अभियान नही बल्कि देश के करोड़ों युवाओं की आवाज है

जब शिक्षा मंहगी हो जाए और छात्र छात्राओं की होने वाली परीक्षाएं पेपर लीक की भेंट चढ़ जाय, डिग्री के बाद भी रोजगार ना मिले और छात्रों की बात सुनने की बजाय उन्हें अनसुना किया जाय तब आवाज उठाना जरूरी हो जाता है ।

श्री भारती ने कहा जंतर मंतर नई दिल्ली में शिक्षा नीति सुधारने एवम शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगने हेतु शांति पूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों पर बर्बरता पूर्ण लाठियों से वार किया गया व अश्रु गैस फोड़े गए जिसमे सैकड़ों युवाओं को चोटे आई लड़कियों पर भी पुरुष पुलिस कर्मी द्वारा डंडे बरसाया गया जो निंदनीय है अशोभनीय है । देश भर में युवा कांग्रेस एवम भारतीय छात्र संगठन द्वारा भी आंदोलन कर रहे हैं वहीं राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष लोकसभा ने पेपर लीक मुद्दे को लेकर देश भर सभाएं किए हैं, जिससे मोदी सरकार इस पर जवाब नही दे पा रहा है।

देश भर में युवाओं के आंदोलन से मोदी सरकार घबरा गई है केंद्र सरकार तानाशाही दमनकारी और असंवैधानिक तरीके से दबाना चाहती हैं इससे स्पष्ट समझ आती है की केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लोकतंत्र की हत्या की जा रही है हमारे संवैधानिक अधिकारों को खत्म किया जा रहा है देस के युवा पेपर लीक मुद्दे को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग रहे हैं जो जायज है बीस दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं पर ये मोदी सरकार छात्रों से बात तक नहीं किया देश भर में पचीसो छात्रों कि मौत हो गई है जिसके लिए मोदी सरकार ही जिम्मेदार है ।

## प्रयागराज में अखिल भारतीय अग्रहरि समाज की केंद्रीय बैठक में छत्तीसगढ़ के 16 पदाधिकारियों की सक्रिय सहभागिता

**रायपुर/प्रयागराज 22 जुलाई।** अखिल भारतीय अग्रहरि समाज की 20वीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 19 जुलाई को प्रयागराज स्थित होटल कन्हा श्याम में आयोजित हुई। बैठक में देशभर से लगभग 400 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ से 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सक्रिय सहभागिता करते हुए प्रदेश में संचालित सामाजिक गतिविधियों, उपलब्धियों और संगठनात्मक कार्यों की जानकारी राष्ट्रीय मंच पर साझा की।



बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के.के. अग्रहरि (बिलासपुर) एवं रमाशंकर अग्रहरि (मनेन्द्रगढ़), राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध अग्रहरि (करगी रोड), छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष सुजीत अग्रहरि (दुर्ग), प्रदेश महामंत्री एवं राष्ट्रीय प्रचार मंत्री मनोज केशव अग्रहरि (बेलगहना), राजेश अग्रहरि (राजनांदगांव), डॉ. निर्मला गुप्ता (दुर्ग), अंकित शाह (भिलाई), एडवोकेट मनोज अग्रहरि (करगी रोड), देवेंद्र अग्रहरि (बिलासपुर), राजेश अग्रहरि (करगी रोड), संतोष अग्रहरि (सूरजपुर), लखन अग्रहरि (अंबिकापुर) सहित विशेष आमंत्रित सदस्य राधेश्याम गुप्ता एवं सौरभ गुप्ता (रायपुर) उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री मनोज केशव अग्रहरि ने छत्तीसगढ़ में समाज द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय महामंत्री कुलभास्कर अग्रहरि ने पिछले पांच वर्षों में 20वीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने 5 जनवरी 2025 को रायपुर में आयोजित अग्रहरि परिचय सम्मेलन की विशेष सराहना करते हुए इसे राष्ट्रीय स्तर के सर्वश्रेष्ठ आयोजनों में शामिल बताया और कहा कि इस आयोजन से छत्तीसगढ़ की पहचान पूरे देश में मजबूत हुई है। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरि ने की। इस अवसर पर संरक्षक मंडल के सदस्य एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बाबू राधेश्याम अग्रहरि (फतेहपुर), उद्योगपति सोमचंद अग्रहरि (कानपुर) तथा श्याम प्रकाश अग्रहरि (कोलकाता) मंचासीन रहे। उन्होंने समाज की पारिवारिक एकता, आर्थिक सशक्तिकरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में संगठन के विस्तार, युवा सहभागिता और भावी योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

## यातायात पुलिस ने 7 दिनों में 366 वाहनों का चालान किया

**राजनांदगांव 22 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में यातायात पुलिस राजनांदगांव द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से विगत 7 दिनों से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नो पार्किंग एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार प्रभावी चालानी कार्रवाई की गई। विशेष अभियान के दौरान नो पार्किंग में खड़े 225 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 141 वाहनों पर भी मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इस प्रकार कुल 366 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 1,29,100/- (एक लाख उनतीस हजार एक सौ रुपये) का शमन शुल्क वसूल किया गया।

यातायात पुलिस द्वारा लगातार की जा रही इस कार्रवाई का शहर में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। नागरिकों एवं व्यापारीगण द्वारा यातायात नियमों के पालन में सक्रिय सहयोग किया जा रहा है। विशेष रूप से बाजार क्षेत्र में वाहन चालक अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर सफेद पट्टी के भीतर खड़े कर रहे हैं, जिससे अव्यवस्थित पार्किंग में कमी आई है तथा यातायात व्यवस्था में निरंतर सुधार हो रहा है। यातायात पुलिस राजनांदगांव द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें तथा सभी यातायात नियमों का पालन करें। नियमों का पालन कर न केवल चालानी कार्रवाई से बचा जा सकता है, बल्कि सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त एवं निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

## सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी से छात्रों-पालकों की बढ़ी परेशानी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 22 जुलाई।** सिमगा ब्लाक के शिक्षा विभाग में हलचल स्कूलों के विद्यार्थिओं व पालकों की बढ़ती परेशानिया ब्लाक के कुछ अधिकारिओ द्वारा की जा रही मनमानी आज सरकारी स्कूलों की हालत कुछ सरकारी कर्मचारिओं की मनमानी के चलते ख़राब हो रही है स्कूलों मे विद्यार्थिओं को पढ़ाने के लिए पहले से शिक्षकों की कमी थी और ऊपर से जो नये शिक्षकों के बजाए पुराने आठ दस साल पुराने शिक्षकों को स्कूलों से जो पुरे स्कूल के विद्यार्थिओं को संभाल रहे थे उन्हें भी स्थानांतरित कर स्कूलों को शिक्षक विहीन कर दिया गया है ज़ब की सरकारी दफ्तर में बैठे खाली शिक्षकों को स्थानांतरित नहीं किया गया है ऐसे में विद्यार्थी व उनके पलकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जैसे आदर्श प्राथमिक शाला इंग्लिश मीडियम यहां पहली से आठवीं तक की कक्षाएं लगती हैं और शिक्षकों की स्थानांतरित के बाद पहली से पांचवी तक के प्राइमरी स्कूल में हर कक्षा में 50 से ऊपर विद्यार्थी होने के बावजूद यहां प्रिंसिपल या हेड मास्टर ही बचा है और छठवीं से आठवीं तक की कक्षाएं भी एक ही प्रिंसिपल के रूप में शिक्षक है तो क्या पालक अपने बच्चों को मध्यान भोजन करने भेजें एक सरकारी कर्मचारी से अनुरोध करने पर उन्होंने कहा यह हमारा विभाग नहीं है तो क्या शिक्षकों की कमी के कारण बड़े कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा छोटी कक्षा की विद्यार्थियों को देख रेख में लगा दिया गया है शिक्षकों के न होने से कक्षाओं में विद्यार्थियों द्वारा उथल पुथल व शोर शराबा करते हुए तो सरकार हुआ शिक्षा विभाग नाम मात्र का है इन विद्यार्थियों की जिम्मेदारी किसकी है।

# दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में एनएसयूआई ने प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की

**रायपुर, 22 जुलाई।** दिल्ली में छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज एवं बल प्रयोग के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएसयूआई ने सोमवार को अंबेडकर चौक, रायपुर में प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।



प्रदर्शन में बड़ी संख्या में एनएसयूआई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। एनएसयूआई ने कहा कि अपनी लोकतांत्रिक मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग करना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों की आवाज को दबाने के लिए पुलिस का इस्तेमाल किया गया, जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय ने कहा कि देश का छात्र वर्ग अपने अधिकारों और शिक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रख रहा था, लेकिन उनके साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि छात्रों पर हुए कथित अत्याचार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए प्रधानमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी नैतिक आधार पर अपने पद से इस्तीफा देने की मांग करते हुए कहा कि शिक्षा मंत्रालय छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी आवाज को दबाने का माध्यम नहीं बन सकता।

नीरज पाण्डेय ने कहा कि एनएसयूआई हमेशा छात्रों के अधिकारों, शिक्षा के लोकतांत्रिक माहौल और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी अन्याय के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि छात्रों के साथ इसी प्रकार का दमन जारी रहा तो संगठन पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन करेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने छात्रों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच कराने, दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा भविष्य में छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों और शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन के अधिकार का सम्मान सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन के अंत में प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया गया। प्रदर्शन में अमित शर्मा, हेमंत पाल, प्रशांत गोस्वामी, समेत अन्य उपस्थित हुए।

## पेयजल संकट गहराया, पांच दिनों से आधा नगर पानी को तरसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा 22 जुलाई।** नगर पालिका परिषद वार्ड क्रमांक 13 स्थित जल प्रदाय की टंकी का वाल खराब हो जाने से पिछले 5 दिनों से नगर की आदि जनसंख्या जल की समस्या से त्रस्त है आम नागरिक पीने के पानी के लिए नगर में सुबह से ही बर्तन लेकर यहां वहां भटकते रहते हैं नगर के विभिन्न वार्डों में पाइपलाइन कई जगह से फटी हुई है जहां पर पानी के बर्बादी देखी जा सकती है नगर के जय स्तंभ चौक में पानी के लीकेज को कई वर्ष हो गए आज दिनांक तक इस लीकेज को नहीं खोजा जा सका है जिससे नगर में नाली का गंदा पानी आता है एवं जनता के स्वास्थ्य पर प्रभाव देखा जा सकता है वर्तमान में बारिश के कारण जल जनित रोगों का प्रभाव भी है नागरिकों में पेयजल नहीं मिलने से आक्रोश है एवं नगर पालिका परिषद के स्वस्थ रवैया से नाराज हैं पानी सप्लाई नहीं मिलने की कोई सूचना आज तक जनता को नहीं दी गई है उच्च अधिकारी की जनता को हो रहे इस कष्ट के लिए शीघ्र समाधान करने की अपेक्षा रखते हैं।

**एक नजर**

## रायपुर मंडल में टिकट चेकिंग अभियान के दौरान 78875 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ

**रायपुर 22 जुलाई।** यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से 21 जुलाई, 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के स्टेशनों एवं ट्रेनों में रेलवे मजिस्ट्रेट श्री मयंक सोनी के साथ में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया । इस अभियान में सहायक वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) श्री अविनाश कुमार आनंद के साथ में उप मुख्य टिकट निरीक्षक ए.जैना, 10 टिकट चेकिंग स्टाफ शामिल हुए साथ ही 09 रेलवे सुरक्षा बल के जवान एवं 05 जीआरपी स्टाफ शामिल थे। इस टिकट चेकिंग अभियान में गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस,18518 विशाखापट्टनम कोरबा लिंक एक्सप्रेस, 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 12069 जनशताब्दी एक्सप्रेस में चेकिंग की गई। इस मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान में कुल 121 मामलों से 78875/- रुपये बतौर जुर्माना राजस्व प्राप्त हुआ । इसमें बिना टिकट के 68 मामलों से 54365 एवं अनियमित टिकट के 33 मामलों से 22310 /-रुपए अनबुक्ड लगेज के 20 मामलों से 2200/- रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। रेल प्रशासन यात्रियों से आग्रह करता है कि वे यात्रा हेतु उचित टिकट एवं रेल परिसर में प्रवेश करने के पहले प्लेटफॉर्म टिकट अवश्य खरीदें। रेलगाड़ी एवं रेल परिसर को साफसुथरा रखने में भी रेल प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

## एनएच पर खड़े ट्रकों पर कार्रवाई

**रायपुर 22 जुलाई।** यातायात थाना टाटीबंध एवं थाना आमनाका द्वारा संयुक्त रूप से हीरापुर मार्ग, बिलासपुर रोड तथा टाटीबंध चौक के आसपास सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े ट्रक एवं ट्रेलरों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क पर यातायात बाधित करने वाले एवं नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े भारी वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमानुसार 25 E चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही, 03 भारी वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए थाना आमनाका भेजे गए, जहां उनके विरुद्ध (285 BNS )एफ आईआर दर्ज कराई गई। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को सड़क पर अनधिकृत पार्किंग न करने एवं यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात उपलब्ध कराया जा सके।

## छात्रों की गूंज कार्यक्रम में शामिल होंगे विकास उपाध्याय

**रायपुर 22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक, पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व एआईसीसी सचिव विकास उपाध्याय झारखंड के पलामू (डाल्टनगंज) के दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे ''छात्रों की गूंज'' कार्यक्रम में शामिल होकर विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। दौरे के दौरान विकास उपाध्याय पलामू स्थित जीएलए कॉलेज में आयोजित ''छात्रों की गूंज'' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात वे स्थानीय मीडिया से प्रेस वार्ता करेंगे तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठनात्मक विषयों एवं जनहित के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं के साथ सार्थक संवाद स्थापित करना, उनकी आवाज को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने के प्रयासों को मजबूती देना तथा कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में विचार-विमर्श करना है।

## सोपान शिविर में 82 स्काउट, 98 गाइड सहित 241 प्रशिक्षु हुए शामिल

**रायपुर 22 जुलाई।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ रायपुर के तत्वावधान में जिले के सभी विकासखंडों का पांच दिवसीय तृतीय सोपान शिविर 18 जुलाई से 22 जुलाई तक प्रशिक्षण केंद्र झांकी में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन राज्य भाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त राजीव चक्रवर्ती ने की। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य अर्जुन धीवर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उद्बोधन में मुख्य अतिथि प्रभात मिश्रा ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कार और शिक्षा के माध्यम से ही अनुशासन संभव है। उन्होंने ध्यान और योग को जीवन में अपनाकर आगे बढ़ने और सफल होने की प्रेरणा दी। स्काउटिंग को उन्होंने जीवन जीने की कला बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। इस शिविर का आयोजन भारत स्काउट गाइड जिला संघ रायपुर के अध्यक्ष श्री जी. स्वामी के आदेशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में तथा जिला सचिव मृत्युंजय शुक्ला के नेतृत्व में किया गया।

# छत्तीसगढ़ में 5 दिन तक भारी वर्षा का अलर्ट

**रायपुर 22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में लगातार भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। मौसम विभाग ने बुधवार 22 जुलाई को कई जिलों में भारी बारिश, गरज-चमक और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। पूरे प्रदेश में अगले 5 दिनों तक मानसून सक्रिय रहने का अनुमान है।

रायपुर में सोमवार रात से लगातार बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटे में बिलासपुर संभाग के कई इलाकों में भारी बारिश दर्ज की गई। वहीं रायगढ़ में लगातार बारिश से केलो नदी का जलस्तर बढ़ गया, जिसके चलते केलो डैम के 4 गेट खोल दिए गए।रायगढ़ बेलदुला रपटा पुल पर पानी चढ़ने लगा है। कोरबा में हसदेव बैराज का गेट खोल दिए गए हैं। जिससे महानदी के तटवर्ती इलाकों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। प्रशासन ने रेस्क्यू टीम का अलर्ट पर रखा है। प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया।

वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस पेंड्रा रोड और राजनांदगांव में रिकॉर्ड किया गया। रायपुर का मौसम रायपुर में आज



दिनभर बादल छाए रहने, बीच-बीच में बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। अधिकतम तापमान 29एष्ट और न्यूनतम तापमान 25एष्ट के आसपास रहने का अनुमान है।

मौसम विभाग के अनुसार 1 जून से अब तक प्रदेश में 348.5 मिमी (13.7 इंच) बारिश दर्ज की गई है, जबकि इस दौरान सामान्य तौर पर 444.6 मिमी (17.5 इंच) बारिश होनी चाहिए थी।

# थाने के पास युवक की मिली लाश, हत्या की आशंका



**रायपुर 22 जुलाई।** राजधानी में महिला थाना के पास बुधवार सुबह उस वक्त हड़ंकप मच गया, जब युवक की खून से लथपथ लाश मिली. मृतक की सिर पर चोट के निशान दिख रहे हैं, जो मामले को संदिग्ध बना रहे हैं. पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है. बताया जाता है कि युवक की हत्या की गई है। मृतक की पहचान नेहरू नगर निवासी प्रकाश के रूप में हुई है. राहगीरों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद पुलिस अधिकारियों को सूचित किया गया. साथ ही एफएसल टीम को भी बुलाया लिया गया है. घटनास्थल से जरूरी सैंपल एकत्र किए जा रहे हैं. पंचानाम कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा.

फिलहाल पुलिस मौत के कारणों और आरोपियों की तलाश में जुटी है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं. पुलिस ने बताया कि अज्ञात शव पाए जाने की जानकारी पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. मृतक के सिर पर चोट के निशान हैं, जो हत्या की ओर इशारा करते हैं. फिलहास पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## स्मार्ट मीटर और बढ़े बिजली बिल के खिलाफकांग्रेस का प्रदेशव्यापी धरना 23 जुलाई को

**रायपुर 21 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में स्मार्ट मीटर और बेतहाशा बढ़े हुए बिजली बिलों के मुद्दे पर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस ने इस जनविरोधी नीति के खिलाफ राज्य सरकार के खिलाफ सीधे मोर्चे का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस नेताओं ने साफ मांग की है कि जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, उन्हें तत्काल हटाया जाए और नए मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाई जाए।इतिहास प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर पूरे प्रदेश में इस समय 'स्मार्ट मीटर हटाओ' अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर प्रभावित लोगों से फॉर्म भरवा रहे हैं, ताकि जनता के आक्रोश को सरकार तक पहुंचाया जा सके। कांग्रेस ने पीड़ित उपभोक्ताओं और कार्यकर्ताओं से 23 जुलाई को होने वाले प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## बूथ स्तर पर किसानों को सशक्त बनाएगी भाजपा

**रायपुर 22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने किसानों तक अपनी पहुंच और कृषि कल्याण योजनाओं की जानकारी सीधे खेतों और गांवों तक पहुँचाने के लिए एक बड़ा संगठनात्मक और जनकल्याणकारी अभियान शुरू करने की योजना बनाई है। इसके तहत प्रदेश भर के प्रत्येक मतदान केंद्र (बूथ) पर 'किसान मितान' की नियुक्ति की जाएगी

# शराब की ओवर रेटिंग में पूरी सरकार संलिप्त है: दीपक बैज

**रायपुर 22 जुलाई।** प्रदेश में शराब धड़ल्ले से ओवर रेट में बेची जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस पूरे खेल को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। शराब की ओवर रेटिंग सरकार में बैठे हुए लोग करा रहे है। हर ब्रांड की शराब में 10 से 60 रू. तक प्रति बोतल वसूला जा रहा था। शराब के काऊंटर में बैठे लोग दावा कर रहे है कि शराब का पैसा ऊपर तक जा रहा था। यह मामला मीडिया मे आया और जनता ने विरोध किया तब जाकर कुछ अधिकारियों को सस्पेंड करने की कार्यवाही की गयी। अधिकारी तो सरकार के निर्देश पर काम कर रहे थे उन्हे बलि का बकरा बना दिया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकारी आंकड़ों में प्रतिदिन शराब का विक्रय 28 लाख 65 हजार बोतल है, हर बोतल में 10 से 60 रू. अधिक वसूला जा रहा है, 4 करोड़ 29 लाख प्रतिदिन अवैध वसूली, महिनें का 129 करोड़, 1548 करोड़ सालाना, विगत ढाई साल में 3870 करोड़ का शराब ओवर रेटिंग घोटाला इस सरकार ने किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पूरे प्रदेश में संगठित शराब घोटाला चल



रहा। हजारों करोड़ रूपये वसूली हो रही है। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होगी तब पता चलेगा कितने बड़े-बड़े लोग शामिल है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि भाजपा के सरकार में शराब घोटाला हुआ है ईडी, सीबीआई जांच करने से क्यों घबरा रही है?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार नकली मिलावटी और अवैध शराब को बिकवा रही है। रायगढ़ में नकली शराब की बाटलिंग हो रही थी। राजधानी रायपुर के तेलीबांधा में नकली होलो ग्राम वाली शराब पकड़ाये। राजनांदगांव अवैध शराब का केन्द्र बन गया है। बलरामपुर के सरकारी शराब दुकान में बियर के बोतल में गंदा पानी मिला, जगदलपुर में दर्जनों पेटी अवैध शराब पकड़ाई, मध्यप्रदेश से जगदलपुर तक कई जिलों की सीमा पार कर अवैध शराब की निर्बाध सप्लाई बिना सत्ता के संरक्षण के संभव नहीं है। सरकारी शराब दुकानों में दो गल्ले चल रहे है। बलरामपुर के सरकारी शराब दुकान में जो बियर की बोतल में गंदा पानी निकल रहा है और ऐसे मिलावटी शराब से जो वसूली हो रही है उसका पैसा किस गल्ले में जा रहा है? नकली और मिलावटी शराब का सरगना कौन है? शराब की काली कमाई में किस-किस की हिस्सेदारी है, छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 5 सालो तक विपक्ष में रहकर शराबबंदी की बड़ी-बड़ी बात करने वाली भाजपा सरकार में आने के बाद शराब की काली कमाई में लग गई है। विपक्ष में रहकर शराब को लेकर तत्कालीन सरकार को कटघरे में खड़ा करने वाली भाजपा की सरकार प्रदेश में शराब की खपत बढ़ाने की प्रयास में रोज नये प्रयोग कर रही है।

## वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारी अवधेश कुमार का चेम्बर ने किया अभिनंदन

**रायपुर 22 जुलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारी श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी जी की पदोन्नति होने और रायपुर से गोरखपुर जोन के CFTM (मुख्य माल यातायात प्रबंधक) प्रमुख के पद पर नियुक्त होने पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थोरानी जी के कुशल मार्गदर्शन में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने श्री त्रिवेदी जी के कार्यकाल की सराहना की। इस अवसर पर चेम्बर उपाध्यक्ष DRUCC (मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति) के सदस्य श्री लोकेश चंद्रकांत जैन एवं श्री जितेंद्र शादीजा ने श्री त्रिवेदी जी को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका भावभीना बहुमान किया। चेम्बर प्रतिनिधियों ने श्री त्रिवेदी जी के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि रायपुर रेल मंडल में उनकी कार्यकुशलता सदैव स्मरणीय रहेगी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान समय-समय पर नई तकनीकों को समाहित कर रेल की जनसुविधाओं को न केवल सुगम बनाया, बल्कि रेल यात्रा को अधिक सुरक्षित करने में भी ऐतिहासिक कार्य किया। व्यापार जगत और आम जनता के साथ उनका समन्वय हमेशा अनुकरणीय रहा।

# उन्नत ईसीएमओ तकनीक से 56 वर्षीय मरीज को मिला नया जीवन

**रायपुर 22 जुलाई।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स, रायपुर के चिकित्सकों ने 56 वर्षीय एक मरीज की जान बचाकर गंभीर हृदय आपातकाल के उपचार में बड़ी सफलता हासिल की। मरीज को भीषण हृदयाघात के बाद अत्यंत गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया था। हृदयाघात के कारण उनका हृदय बुरी तरह प्रभावित हो चुका था और शरीर के अन्य अंगों तक पर्याप्त मात्रा में रक्त नहीं पहुंच पा रहा था। उनकी जान को तत्काल खतरा था।

रायपुर निवासी 56 वर्षीय राजेश साहू (नाम परिवर्तित) को सीने में तेज दर्द के बाद अस्पताल लाया गया। जांच में पता चला कि हृदय तक रक्त पहुंचाने वाली तीनों प्रमुख धमनियां गंभीर रूप से अवरुद्ध थीं। इसके साथ ही फेफड़ों में पानी भर गया था, हृदय की धड़कन अनियमित हो गई थी और हृदय की रक्त पंप करने की क्षमता भी काफी कम हो चुकी थी, जिससे उनकी स्थिति और अधिक गंभीर हो गई।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सबसे पहले रक्त के थक्के को घोलने वाली आपातकालीन दवा देकर हृदय तक रक्त प्रवाह बहाल करने का प्रयास किया। लेकिन समय पर उपचार शुरू होने के बावजूद मरीज की हालत लगातार बिगड़ती रही।

मरीज की जान बचाने के लिए चिकित्सकों



ने तुरंत एक्स्ट्रा कॉर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन तकनीक का सहारा लिया। मरीज की स्थिति नियंत्रित होने के बाद चिकित्सकों ने कोरोनरी एंजियोग्राफी की, जिसमें कई गंभीर अवरोधों की पुष्टि हुई। इसके बाद आपातकालीन एंजियोप्लास्टी कर हृदय की मुख्य धमनी में दवा युक्त विशेष स्टेंट लगाया गया, जिससे रक्त प्रवाह सामान्य हो गया। मरीज का उपचार डॉ. विनोद आहूजा, सीनियर कंसल्टेंट , कार्डियोथोरेसिक सर्जरी, डॉ. प्रणय अनिल जैन, सीनियर कंसल्टेंट, कार्डियोलॉजी, डॉ. कल्पेश अग्रवाल, कंसल्टेंट, कार्डियोथोरेसिक सर्जरी; डॉ. सुशील जैन, सीनियर कंसल्टेंट, पल्मोनोलॉजी, डॉ. विशाल कुमार, सीनियर कंसल्टेंट, क्रिटिकल केयर मेडिसिन; तथा डॉ. उज्ज्वला पांडुरंग म्हात्रे, सीनियर कंसल्टेंट -क्रिटिकल केयर मेडिसिन की टीम ने किया।

# ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक का चेम्बर ने किया स्वागत

**रायपुर 22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद द्वारा 'छत्तीसगढ़ ईज ऑफडूइंग बिजनेस (विनियमन-मुक्ति एवं सुविधा) विधेयक-2026' के प्रारूप को स्वीकृति प्रदान किए जाने का हार्दिक स्वागत किया है। चेम्बर ने इसे प्रदेश में निवेश, उद्योग, व्यापार एवं आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करने वाला ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी निर्णय बताया है।

चेम्बर अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय छत्तीसगढ़ को उद्योग एवं व्यापार के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने वाला सिद्ध होगा। इस प्रकार का विधेयक लागू करने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बनने जा रहा है, यह प्रदेश के लिए गौरव का विषय होने के साथ-साथ निवेश-अनुकूल वातावरण निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। डीम्ड परमिशन, स्व-प्रमाणीकरण, तृतीय-पक्ष सत्यापन, जोखिम-आधारित निरीक्षण तथा प्रक्रियाओं के सरलीकरण जैसे प्रावधान प्रदेश में निवेश को और अधिक आकर्षक बनाएंगे तथा उद्यमियों के लिए व्यवसाय स्थापित एवं संचालित करना पहले की अपेक्षा अधिक सरल और सुविधाजनक होगा।

उन्होंने कहा कि इस विधेयक के प्रभावी क्रियान्वयन से घरेलू एवं बाह्य निवेश को बढ़ावा मिलेगा, नए उद्योगों की स्थापना को गति मिलेगी तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) सहित सभी वर्गों के उद्यमियों के लिए नए अवसर सृजित होंगे। इससे रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। श्री थौरानी ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं के आधुनिकीकरण, डिजिटल व्यवस्था के विस्तार तथा निवेश-अनुकूल वातावरण के निर्माण की दिशा में यह विधेयक छत्तीसगढ़ को देश के अग्रणी औद्योगिक एवं निवेश गंतव्यों में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। चेम्बर अध्यक्ष श्री थौरानी ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विधेयक प्रदेश के औद्योगिक विकास, व्यापारिक प्रगति और समग्र आर्थिक समृद्धि के नए युग का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## छत्तीसगढ़ से बिजनेस डेलीगेट रजिस्ट्रेशन का शुभारंभ

**रायपुर 22 जुलाई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन श्री



सुरिन्दर सिंह, श्री जीवत बजाज, प्रदेश महामंत्री श्री अवनीत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जग्गी, श्री वासु माखीजा, श्री राम मंधान, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी एवं श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स CAIT व ITPO द्वारा 12 से 15 अगस्त तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले卐भारत व्यापार महोत्सव में छत्तीसगढ़ की प्रभावी एवं ऐतिहासिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज कैट प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारियों एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कैट के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी ने की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के व्यापारियों हेतु बिजनेस डेलीगेट रजिस्ट्रेशन का औपचारिक शुभारंभ किया गया। रजिस्ट्रेशन प्रारंभ होते ही प्रदेशभर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों एवं व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक बड़ी संख्या में अपना पंजीयन कराया।

**आयोजन** | ग्राम कंडरका एवं सुरहोली में निकाली गई रथयात्रा

# संपूर्ण सृष्टि के पालनहार है भगवान जगन्नाथ : योगेश तिवारी

**रायपुर 22 जुलाई।** ग्राम कंडरका एवं सुरहोली में आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ जी की पावन रथयात्रा में भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी श्रद्धापूर्वक शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की मंगलकामना की। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में अपार उत्साह और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। भगवान श्री जगन्नाथ के जयघोष, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। योगेश तिवारी ने रथयात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं के साथ प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों को इस भव्य एवं सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ 'जगत के नाथ' हैं, जो संपूर्ण सृष्टि के पालनहार और सभी भक्तों पर समान कृपा करने



वाले भगवान हैं। उनकी पावन रथयात्रा यह संदेश देती है कि भगवान अपने भक्तों के बीच स्वयं आकर उन्हें दर्शन देते हैं और सभी पर समान रूप से अपनी कृपा बरसाते हैं। यह महापर्व प्रेम, सेवा, समर्पण, समानता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है तथा हमें धर्म, मानवता और परस्पर भाईचारे के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और सामाजिक एकता का महापर्व है। ऐसे आयोजन समाज में आस्था, सद्भाव, सहयोग और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। हमारी सनातन संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यहाँ पर्व और उत्सव समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं तथा सभी को एक सूत्र में बांधते हैं। योगेश तिवारी ने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ की कृपा से क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे, किसानों की फसलें लहलहाएं, प्रदेश एवं देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे तथा प्रत्येक परिवार का जीवन आनंद और मंगल से परिपूर्ण हो। उन्होंने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण हम सभी का दायित्व है और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं आध्यात्मिक विरासत से जोड़ना समय की आवश्यकता है।

# रजिस्ट्रार के आदेश से सीडीबीई की कार्यकारिणी को मान्यता

**रायपुर 22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन ने रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं संस्थाएँ, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी नवीन आदेश का स्वागत करते हुए कहा है कि इस आदेश ने प्रशासक की देखरेख में संपन्न निर्वाचन प्रक्रिया एवं नव-निर्वाचित कार्यकारिणी को विधिसम्मत रूप से अभिलेखों में दर्ज कर संस्था की वैधानिक स्थिति को पुनः स्पष्ट कर दिया है।

रजिस्ट्रार द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त प्रशासक की निगरानी में 27 मार्च 2026 को निष्पक्ष एवं विधिसम्मत चुनाव संपन्न कराया गया। निर्वाचन उपरांत प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं अभिलेखों के परीक्षण के बाद नव-निर्वाचित कार्यकारिणी को अभिलेखों में दर्ज किया गया है।

यह कार्यकारिणी 27 मार्च 2026 से 26 मार्च 2029 तक के कार्यकाल के लिए प्रशासक द्वारा संपन्न चुनाव के माध्यम से गठित की गई है, जिसे रजिस्ट्रार ने अपने आदेश में अभिलेखबद्ध किया है। यह व्यवस्था माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर में लंबित प्रकरण के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी।

सीडीबीई ने कहा कि पिछले कई महीनों से संस्था, उसके वैध पदाधिकारियों तथा अधीनस्थ विद्यालयों को बदनाम करने के प्रयास हुए ।

संस्था का कहना है कि शशि वाघे, अतुल अर्थर एवं उनके सहयोगियों द्वारा लगातार झूठे दस्तावेजों, भ्रामक बयानों और असत्य तथ्यों के आधार पर संस्था की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया। अब रजिस्ट्रार के विस्तृत आदेश ने स्पष्ट कर दिया है कि शासन द्वारा नियुक्त प्रशासक के माध्यम से चुनाव सम्पन्न हुआ तथा वैध कार्यकारिणी का गठन विधि के अनुसार किया गया। सीडीबीई ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थाओं की गरिमा तथा विद्यार्थियों के भविष्य की रक्षा करना है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26